हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, मंगलवार 14 अक्टूबर 2025

तापमान
अधिकतम 30.2 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री


सिविल लाइन थाना के सामने यातायात विभाग के पीछे व लिंक रोड़ से जुड़ती सड़क दुर्घटना को निमंत्रण दे रही है।



**खबर संक्षेप**

### एमटी माल लदान का बनाया रिकार्ड

**बिलासपुर।** रेल मंडल बिलासपुर ने पहली बार धनबाद डिवीजन से आगे निकलकर कम दिनों में 100 मिलियन टन माल लदान करते हुए एक नया रिकार्ड बनाया है। बिलासपुर डिवीजन की उपलब्धि पर मंडल रेल प्रबंधक राजमल खोईवाल ने बताया कि बिलासपुर रेल मंडल ने केवल 195 दिन में 100 मिलियन टन माल लदान का अभूतपूर्व लक्ष्य हासिल करते हुए पूरे रेलवे के इतिहास में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इससे पहले यह रिकार्ड धनबाद मंडल के नाम था, जिसने 198 दिनों में यह उपलब्धि प्राप्त की थी। वहीं बिलासपुर मंडल का स्वयं का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 203 में 100 मिलियन टन माल ढुलाई का था, जिसे विगत वित्तीय वर्ष में किया गया था।

### शालेय क्रीड़ा स्पर्धा का शुभारंभ करेंगे साव कल

**बिलासपुर।** जिला प्रशासन एवं स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ 15 अक्टूबर से किया जा रहा है। प्रतियोगिता में कबड्डी, बेसबॉल एवं कराते जैसे विभिन्न खेलों में खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का जौहर दिखाएंगे। 15 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से पुलिस ग्राउंड में होने वाले प्रतियोगिता के शुभारंभ समारोह में उप मुख्यमंत्री अरूण साव शामिल होंगे। विशिष्ट अतिथि विधायक अमर अग्रवाल, धरमलाल कौशिक, धर्मजीत सिंह, सुशांत शुक्ला, दिलीप लहरिया, अटल श्रीवास्तव, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी एवं महापौर पूजा विधानी शामिल होंगी।

# प्रतिबंधित नशीली दवा का जखीरा बरामद दुकान संचालक व सप्लायर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मेडिकल दुकान से प्रतिबंधित नशीली दवा के कैप्सूल खरीद कर बिक्री करने जा रहे कार सवार युवक को पुलिस ने पकड़ लिया। उसके पास से 5 डिब्बे में 698 नग कैप्सूल बरामद किया गया है। उसकी निशानदेही पर मुंगेली नाका में दबिश देकर आरोपी को नशीले कैप्सूल बेचने वाले मेडिकल दुकान के संचालक को पकड़ लिया गया है। पुलिस ने नशीले कैप्सूल, कार, मोबाइल, नकद रकम जब्त कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया है।

- 698 नग मोबाइल, नकद रकम जब्त

3 माह पूर्व कोनी पुलिस ने सीपत क्षेत्र के एक युवक को प्रतिबंधित नशीले कैप्सूल के साथ पकड़ा था। उसने घुटकू महामायापारा निवासी आरिफ मोहम्मद पिता स्व. वाजिद मोहम्मद 24 साल से प्रतिबंधित कैप्सूल खरीदना बताया था। एसएसपी रजनेश सिंह ने कोनी पुलिस को उसे पकड़कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया था। उसके बाद से पुलिस सप्लायर आरिफ की तलाश कर रही थी। मुखबिर से सूचना मिली आरिफ कार से भारी मात्रा में प्रतिबंधित नशीले टेबलेट लेकर गांव की ओर आ रहा है।

एएसआई अशोक चौरसिया अन्य स्टाप के साथ घुटकू के पहले लोनियापारा में तैनात हो गए थे। इसी दौरान आरिफ को कार से आते देखकर पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। तलाशी लेने पर 5 डिब्बे में 698 नग नशीले कैप्सूल मिला। कड़ाई से पूछताछ करने पर उसने मुंगेलीनाका स्थित रिया मेडिकल स्टोर से प्रतिबंधित कैप्सूल खरीदना बताया। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर मेडिकल दुकान में दबिश देकर संचालक निशांत गोस्वामी पिता विजय गोस्वामी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 698 नग नशीले कैप्सूल, कार, मोबाइल, 300 रुपए बिक्री रकम जब्त किया गया है।

**सीएम ने आज ही दिए अभियान चलाने के निर्देश**
सोमवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कलेक्टर व एसपी के मीटिंग में स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि मिशन मोड में पुलिस मादक पदार्थों के तस्करों और उनके नेटवर्क के खिलाफ आक्रामक अभियान चलाए।


पुलिस हिरासत में आरोपी।


आरोपियों से जब्त नशीली दवा।

### लंबे समय से कर रहे थे बिक्री

बताया जाता है आरोपी आरिफ लंबे अरसे से उक्त मेडिकल दुकान से प्रतिबंधित कैप्सूल खरीदकर शहर के आसपास व ग्रामीण क्षेत्रों में मौत का जहर बेच रहा था। इसके चलते शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्र के युवा नशे की गिरफ्त में आकर आपराधिक गतिविधियों में शामिल हो रहे थे। आखिरकार लंबे अरसे बाद मेडिकल दुकान संचालक व सप्लायर पर कार्रवाई हुई है।

# कबाड़, काजू किसमिस के बाद अब गुपचुप चोरी का मामला उछला


**बिलासपुर।** नगर निगम के अतिक्रमण दस्ते पर कबाड़ चोरी और काजू किसमिस कांड के बाद एक बार फिर अवैध वसूली का आरोप लगा है। 3 दिन से ठेला जब्त होने के कारण तहसील, निगम मुख्यालय और अतिक्रमण दस्ते के ऑफिस मिशन हॉस्पिटल के चक्कर काट रहे गुपचुप ठेला वाले ने और फुटपाथ कारोबारियों को 3-3, 4-4 हजार रुपए लेकर छोड़ने और उन्हें चक्कर कटवाने के साथ आधा गुपचुप गायब होने का भी आरोप लगाया है।

- ठेले वाले ने निगम के अतिक्रमण दस्ते पर लगाया आरोप

गुपचुप वाले दीपक कुमार का आरोप है कि उसका आधा गुपचुप गायब है और ठेला छोड़ने के लिए पैसे की मांग की जा रही है। वहीं स्वायत्तशासी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष नन्द कुमार कुशवाहा ने भी बिना रसीद जब्त सामान को छोड़ मनमाना उगाही करने, निगम प्रशासन को आर्थिक क्षति पहुंचाने और निगम की प्रतिष्ठा को धूमिल करने आरोप लगाया है।

उनका कहना कि अतिक्रमण निवारण दस्ते में 10-10, 20-20 साल से कार्यरत स्टाफ की यह शिकायत कोई पहली बार नही है। इसकी शिकायत निगम अधिकारियों से कई बार की गई है लेकिन ध्यान नहीं दिया जाता। शिकायत में यह भी कहा है कि अतिक्रमण दस्ते के कई स्टाफ सालों से अपने मूल विभाग में नहीं गए हैं, उन्हें वापस भेजा जाना चाहिए।


निगम ने जब्त किया गुपचुप ठेला।



### कबाड़ चोरी और बेचने के मामले में होगी जांच

इधर तिफरा जोन में कबाड़ चोरी और उसे बेचने के मामले में निगम कमिश्नर अमित कुमार ने जांच कमेटी गठित की है। दरअसल वार्ड क्रमांक 2 की पार्षद सीमा संजय सिंह ने अधिकारियों पर निगम की संपत्ति को कबाड़ी को बेचने का गंभीर आरोप लगाते हुए निगम कमिश्नर को लिखित शिकायत सौंपी है। पार्षद और एमआईसी मेंबर सीमा सिंह ने आरोप लगाया कि जोन कमिश्नर ने निगम की ट्रैक्टर-ट्रॉली और पानी के टैंकर जैसे महत्वपूर्ण वाहन पहले "मरम्मत" के बहाने गायब करवाए, फिर बाद में कबाड़ियों को बेच डाला। शिकायत में पार्षद का कहना है कि उन्होंने कई बार इन वाहनों की जानकारी मांगी, लेकिन हर बार टालमटोल वाले जवाब दिए गए। इस बारे में पार्षद का कहना है कि यह सब निगम की संपत्ति जनता की है, किसी अधिकारी की निजी नहीं, लेकिन यहां तो पूरा माल ही गायब कर दिया गया है।

# स्मार्ट मीटर का कमाल, बिल दे रहा है झटके, उपभोक्ताओं की सुनवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिले में स्मार्ट मीटर लगाने का काम चल रहा है, लेकिन स्मार्ट मीटर अब उपभोक्ताओं को बिल के साथ झटके दे रहा है। उपभोक्ताओं को हजार से लाखों रूपए के बिल मिल रहे हैं, लेकिन जोन कार्यालय में सुनवाई नहीं हो रही है। ऐसे में उपभोक्ता एक कार्यालय से दूसरे कार्यालय जाने को मजबूर हो रहे हैं।

बिजली विभाग द्वारा सितंबर माह का बिजली बिल जारी किया गया है, इसके बाद उपभोक्ताओं के होश उड़ने लगे है। हर किसी के हाथ में पहुंच रहा बिल पिछले सालों की औसत बिल से अधिक है। दरअसल शहर के ज्यादातर मोहल्लो में स्मार्ट मीटर लगाया जा चुका है, उपभोक्ताओं की शिकायत है कि मीटर लगाने के बाद लगातार बिल अधिक आ रहा है, वहीं दूसरी ओर विभाग इस बात को सिर से खारिज कर रहा है। जबकि हालत यह है कि बीपी नंबर 070176915764 के उपभोक्ता का बिजली बिल 1 लाख 89 हजार 900 जा पहुंचा है। जबकि यह बिल आमतौर पर 200 से अधिक नहीं पहुंचा है। ऐसे में स्मार्ट मीटर को लेकर उपभोक्ताओं में खासी नाराजगी देखी जा रही है।



### बढ़ते बिल के ये कारण भी हैं

दरअसल अगस्त माह से 400 यूनिट की हाफ योजना बंद कर महज 100 यूनिट की छूट विद्युत कंपनी द्वारा दी जा रही है,पहले जो बिजली 200 यूनिट तक फ्री मिलती थी, वो अब महज 50 यूनिट हीं मिल रही है। ऐसे में बिजली का बिल बढ़ना स्वभाविक है। वहीं सीएसपीडीसीएल ने अगस्त माह से ही घरेलू उपभोक्ताओं को प्रति यूनिट बिजली में 20 पैसे की बढ़ कर दी है। इससे भी लोगों की जेब हल्की हो रही है।

### शिकायत की जा सकती है

स्मार्ट मीटर के कारण लोगों के बिजली बिल अधिक आने जैसी बात नहीं है। शुरूआत में जिन लोगों के बिल अधिक मिले थे, उनकी जांच की जा चुकी है। ऐसी बात सामने आने पर मीटर को दिखाया जाना चाहिए। जोन कार्यालय में अधिक बिल की शिकायत की जा सकती है।
-**श्रीनिवास राजू**, अधीक्षण यंत्री, बिजली विभाग



जागो ग्राहक जागो

# ज्वेलर्स एवं उपभोक्ता जागरूकता अभियान

## “सोने में छूट मतलब किसी न किसी तरीके से लूट।”

मानकः पथप्रदर्शकः

## सोने की कीमत कभी भी बाजार भाव से कम नहीं हो सकती

जिस प्रकार दूध का सस्ता होना उसमें मिलावट का संकेत देता है,
उसी प्रकार सोने का सस्ता होना उसकी शुद्धता और गुणवत्ता पर संदेह प्रकट करता है।

- **सस्ते से सावधान**

देश में कही भी सोने के भाव में 200 रु से 400 रु से ज्यादा का अंतर नहीं होता है। कई बार आपको शुद्धता से खिलवाड़ कर मिलावटी सोना बेच दिया जाता है इसलिए सोना लेने से पहले हॉलमार्क की जांच जरूर कर लेवे ।

- **छूट यानी लूट**

बड़े बड़े ऑफर आपको धोखे में डाल सकते है। सोने के भाव में कोई छूट नहीं दी जाती बल्कि मेकिंग चार्जेस जैसे अन्य चार्जेस को घटाकर तथा शुद्धता से समझौता कर छूट दी जाती जिससे नुकसान होता है।

- **भारत सरकार का हाथ- सही व्यापारी के साथ**

जब भी आप गहने सोना चांदी खरीदे पक्का बिल जरूर ले। अधिकृत व्यापारी ही आपको पक्का बिल उपलब्ध करवा पाएगा जिसका वह खुद भी टैक्स सरकार को अदा करता है।

- **वोकल फॉर लोकल**

हमें हमेशा कोशिश करनी चाहिए कि हम त्यौहारों की खरीदी अपने स्थानीय बाजार से करे। आपके शहर, जिला, तालुका की तरक्की वहां के व्यापार से बढ़ती है। हम जितना लोकल कारोबारियों से खरीदी करते है उतना ही आपके शहर को और भी सशक्त बनाते है।

**आपकी सतर्कता ही आपके निवेश की सुरक्षा है।**



**सस्ता सोना बेचने वाले से सिर्फ सोना खरीदे गहना नहीं आपका भ्रम दूर हो जायेगा।**

गहनों की खरीददारी में दिखाएं समझदारी
प्रमाण, पारदर्शिता और सेवा-यही है पहचान हमारी
-स्थानीय ज्वेलर्स

## सोना अपने आप में ब्रांड है किसी और ब्रांड और नाम का मोहताज नहीं

आपका अपना दुकानदार ही सबसे विश्वसनीय है -कमल सोनी

बालाजी एण्ड बालाजी ज्वेलर्स — प्रो. अजय सराफ मो. 9827499599 — सदर बाजार, बिलासपुर (छ.ग.)

SKS श्री खाटू श्याम ज्वेलर्स — खपरगंज, कोसा पाइंट के बाजू में, मारवाड़ी लाईन, बिलासपुर मो.9300311212

श्री Ram JEWELLERS — Madhyanagri Chowk, Bilaspur

RJ हम गहने ही नहीं विश्वास भी गढ़ते है — बलौदा वाले राकेश ज्वेलर्स — करोना चौक सदर बाज़ार बिलासपुर मो. 9907981343

श्री माखन ज्वेलर्स — 75% 18CT, 91.6% 22CT, 83.3% 20CT — Bureau of Indian Standards Certified Hallmarks Jewellery — GSTIN : 22CVUPS7102J1Z6 — GOLD | SILVER | DIAMOND | GEMSTONES — 9827875750, 7747025000

बलौदा वाले तुलाराम ज्वेलर्स (SINCE : 1925) — मेन रोड सदर बाजार, बिलासपुर मो. 9893622289

बलौदा वाले महेश ज्वेलर्स — करोना चौक सदर बाज़ार बिलासपुर मो. 9827172386

गुलाब सिंह जितेन्द्र सिंह ज्वेलर्स — मंगला चौक, बिलासपुर मो......

RGJ रौनक जेम्स एंड ज्वेलरी (SINCE 2010) — अपोजिट गवरमेंट हाई स्कूल गांधी चौक बिलासपुर मो. 9617755555

GS GULAB SINGH JEWELLERS (The Symbol of Purity, Since 1964) — सोने-चांदी की सबसे विश्वनीय प्रतिष्ठान — गुलाब सिंह ज्वेलर्स Since-1964 — प्रो.कल्याण सिंह हूरा, गगनदीप सिंह हूरा — 9907913847, 7049430000 — उस्लापुर ओवरब्रिज,स्टेट बैंक के बाजू में बिलासपुर

अनमोल ज्वेलर्स — करोना चौक, सदर बाजार, बिलासपुर मो. 9827924898

सती श्री ज्वेलर्स (SINCE 1979) — DIAMOND | GOLD | SILVER | GEMSTONES — अशोक सोनी-9827931848, कैलाश सोनी-9424153588 — सदर बाजार/उस्लापुर

माँ Santoshi JEWELLERS — मारवाड़ी लाईन, सदर बाजार, बिलासपुर मो. 9893135961

GJ GORAKHNATH JEWELLERS — सदर बाजार, बिलासपुर

BJ बालाजी ज्वेलर्स (Since 1977) — Main Road Sadar Bazar Bilaspur(c.g.) — Balaji_jewellers

RJ रितेश ज्वेलर्स — कारोना चौक, सदर बाजार, बिलासपुर मो. 9827469493

संतोष कुमार सतीश कुमार शाह ज्वेलर्स (मेन रोड तिलकनगर/सीपत रोड सरकंडा) ★ छेदीलाल मोतीलाल सराफ ज्वेलर्स (गोल बाजार) ★ मंगलम् ज्वेलर्स (सदर बाजार) ★ शुभकामना ज्वेलर्स (जूना बिलासपुर) ★ शुभांक ज्वेलर्स (गायत्री मंदिर रोड, विद्या नगर) ★ श्री जगदम्बा ज्वेलर्स (करोना चौक, सदर बाजार) ★ श्री सावित्री ज्वेलर्स (श्रीराम मार्केट के सामने अग्रसेन चौक) ★ शीतला ज्वेलर्स (सदर बाजार) ★ भीम ज्वेलर्स (मारवाड़ी लाईन)

* बिल्हा-बिलासपुर ज्वेलर्स, शिव शंकर ज्वेलर्स, जेवर वाले, महामाया ज्वेलर्स, *चकरभाठा- हरिओम ज्वेलर्स, आर.के. ज्वेलर्स, श्री आर.के. ज्वेलर्स, ओम सांईराम ज्वेलर्स, ममता ज्वेलर्स, राम जी ज्वेलर्स, महादेव ज्वेलर्स, संजय ज्वेलर्स, रूपचंद जयरामदास ज्वेलर्स, शानवी ज्वेलर्स, ओम सांईनाथ ज्वेलर्स, ओम ज्वेलर्स *तिफरा-सांई कृपा ज्वेलर्स, *सदर बाजार- मायाश्री ज्वेलर्स, जानकी ज्वेलर्स *उस्लापुर- सती श्री ज्वेलर्स *मंगला चौक- माही ज्वेलर्स, *तोरवा-स्वर्ण मंदिर ज्वेलर्स *सरकंडा व चिंगराजपारा-संतोष कुमार सतीश कुमार शाह ज्वेलर्स, सिद्धी ज्वेलर्स, गीता ज्वेलर्स, स्वर्णकार ज्वेलर्स, *राजकिशोर नगर-महालक्ष्मी ज्वेलर्स, संतोष ज्वेलर्स रितेश ज्वेलर्स *पुराना बस स्टैण्ड-श्री नन्दजी ज्वेलर्स एवं राशि रत्न *टिकरापारा- ज्वेल ज्वेलर्स *सेमरताल-तनीषा ज्वेलर्स

BILASPUR SARAFA ASSOCIATION BSA BILASPUR

# बिलासपुर सराफा एसोसिएशन

अध्यक्ष- कमल सोनी | महासचिव- श्रीकांत पाण्डेय | कोषाध्यक्ष- रौनक साव | कार्यकारी अध्यक्ष- अजय सराफ

J.J.Ad

# निवेदक: छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन

पता : शॉप नं. 12, गिरधर भवन, सदर बाजार, रायपुर (छ.ग.) 9302920005

"बस्तर से अंबिकापुर एवं रायगढ़ से राजनांदगांव विकास एवं विस्तार के लिए समर्पित"

कमल सोनी (प्रदेश अध्यक्ष) 9200000064 | प्रकाश गोलछा (महा-सचिव) 9302920005 | हर्षवर्धन जैन (कोषाध्यक्ष) 7879878787 | प्रदिप मारूति घोरपड़े (चेयर पर्सन, अध्यक्ष प्रतिनिधि) 9584460707 | पवन अग्रवाल (संभाग प्रभारी कार्यकारी अध्यक्ष) 9425254000

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, मंगलवार 14 अक्टूबर 2025
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



सम्मान

## महेन्द्र जैन सहित 13 विभूतियों को अरविंदो सम्मान मिला



**बिलासपुर।** जम्मू के गुलशन पुलिस ग्राउंड स्थित ऑडिटोरियम में शाश्वत हिंदू प्रतिष्ठान द्वारा भव्य "श्री अरविंदो सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर देश के विभिन्न प्रांतों से आई 13 प्रतिभाओं को श्री अरविंदो सम्मान तथा संगठन के समर्पित कार्यकर्ताओं को शाश्वत पवन सम्मान से अलंकृत किया गया।समारोह के मुख्य अतिथि आचार्य लोकेश मुनि ने अपने संबोधन में कहा कि यदि धर्म की सर्वश्रेष्ठ परिभाषा किसी एक पंक्ति में कही गई है, तो वह गोस्वामी तुलसीदास जी की यह पंक्ति है, "परहित सरिस धरम नहिं भाई, पर पीड़ा सम नहिं अधमाई।"उन्होंने कहा कि ये वे विभूतियाँ हैं जिनके पास भले संसाधन सीमित हों, लेकिन वे समाज और राष्ट्र को अपना सर्वस्व अर्पित कर रही हैं। जम्मू केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो संजीव जैन ने कहा कि विकसित भारत का सपना, शिक्षित भारत के माध्यम से ही साकार हो सकता है, और समाज के प्रत्येक वर्ग को शिक्षा से जोड़ने की आवश्यकता है।

**जम्मू में हुआ भव्य श्री अरविंदो सम्मान समारोह**

### इन विभूतियों को किया गया सम्मानित

समाज सेवा के क्षेत्र में वंदे मातरम मित्र मंडल के प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र जैन,हरियाणा से जगमोहन यादव,जम्मू से संजीव खजूरिया। प्रकृति संरक्षण एवं संवर्धन के क्षेत्र में हरियाणा से विजेंद्र सिंह प्रजापति,पंजाब (लुधियाना) से राम सिंह, उत्तर प्रदेश से संदीप त्यागी संस्कृति एवं धर्म संरक्षण के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश (मेरठ) से धरम सिंह जाटव, पश्चिम बंगाल से परिमल मंडल। शाश्वत पवन सम्मान से सम्मानित किए गए।

कार्यक्रम

## महिलाओं ने दी लोक नृत्य गीत-संगीत की प्रस्तुति



बिलासपुर। नवजीवन हास्य योग केंद्र के 25वीं स्थापना दिवस के रजत जयंती महोत्सव पर महिलाओं ने छत्तीसगढ़ी लोक सांस्कृतिक नृत्य, गीत-संगीत की प्रस्तुति दी। शुलभा गुप्ता, कमला देवांगन ने नाटक सास-बहू व डॉ जे.पी. दुबे, आर.के. गेंदले, शिवप्रसाद साहू, सरोजनी गेंदले, बैजनाथ सैनी, आर.एन. पॉल ने नाटक मोर बैला जोड़ी का मंचन किया। व्यापार विहार रोड स्थित श्री मुरारका अतिथि भवन में आयोजित इस महोत्सव का शुभारंभ अतिथि महापौर पूजा विधानी एवं विशिष्ट अतिथि उमेश मुरारका ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। मंचस्थ अतिथियों के स्वागत के बाद अध्यक्ष डीपी गुप्ता ने अपने केंद्र की गतिविधियों की जानकारी दी। इसके बाद मंदाकिनी दुबे, सविता लाल, शोभा चौहान, आरती गुप्ता, विभा शर्मा ने सरस्वती वंदना, बैजनाथ सैनी, सुब्रत मुखर्जी, अरविन्द दिवाकीर्ति, प्रवीण दामाणी, शेख रफीक, बी.पी.दुबे, जगदीश सलूजा, राकेश तिवारी, श्यामलाल शर्मा, मंजू शर्मा, अजय शर्मा ने गीत, शिल्पी मुखर्जी, प्रकाश टांक, संध्या नाग, अशोक दुबे ने डांस एवं सरोजनी गेंदले, कमला देवांगन, सुमित्रा सोनी, दुर्गेश्वरी ने ग्रुप डांस की प्रस्तुति दी पेश किया।

**नवजीवन हास्य योग केंद्र ने मनाया रजत जयंती महोत्सव**

### इनकी रही उपस्थिति

इस मौके पर महिला विंग की संयोजिका सरला स्वर्णकार, सचिव आरके गेंदले, संरक्षक राजेंद्र अग्रवाल, नरेश सुल्तानिया, कन्हैया विधानी, नारायण उबरानी, राजू सुल्तानिया, भुवन वर्मा, रेखा, मदन मोहन गुल्ला, रामेश्वर, चेतना सोनी, पूर्णिमा कोन्हेर, मंजूला गुहा, एस वासुदेव राव, आरएस मिश्रा, बाल गोविंद अग्रवाल, अशोक दुबे, अजय सिंह, अरविंद दीक्षित सहित शहर में संचालित होने वाले 16 क्लबों के सदस्यों की उपस्थिति रही।

एग्जाम

## भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में 95 सौ परीक्षार्थी हुए शामिल



**बिलासपुर।** अंतरराष्ट्रीय गायत्री परिवार द्वारा आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में जिला बिलासपुर के शासकीय-अशासकीय विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में कुल 195 आबंटित परीक्षा केंद्रों से लगभग 95 सौ परीक्षार्थियों ने भाग लिया।

गायत्री परिवार के द्वारिका प्रसाद पटेल ने बताया कि यह परीक्षा नैतिक, बौद्धिक और सांस्कृतिक पुनरुत्थान का एक रचनात्मक अभियान है और इसमें विश्ववन्द्य महापुरुष के साथ भारतीय संस्कृति, अध्यात्म, विज्ञान, नशा उन्मूलन, धर्म, दर्शन और नीति की विषय वस्तुओं के साथ समसामयिक सामान्य ज्ञान एवं भारत के गौरव गाथा को बढ़ाने वाले महामानवों के बारे में प्रश्न पूछे जाते हैं। पूज्य गुरुदेव पं. श्रीराम शर्मा आचार्य के अनुसार भारतीय संस्कृति को विश्व-संस्कृति का पर्याय माना गया है। आचार्यजी की घोषणा है कि इक्कीसवीं सदी में एक धर्म, एक संस्कृति और एक ही भाषा सर्वोपरि होगी। सन 1994 से चल रही इस परीक्षा के माध्यम से युवा आंदोलन का उद्देश्य स्वस्थ युवा-सबल राष्ट्र, शालीन युवा-श्रेष्ठ राष्ट्र, स्वावलंबी युवा-संपन्न राष्ट्र, सेवाभावी युवा-सुखी राष्ट्र की कल्पना साकार होगी। बिलासपुर जिले की जिला संयोजिका जागेश्वरी साहू ने इस परीक्षा में सहयोग करने वाले सभी प्राचार्यों-शिक्षकों, शक्तिपीठ-प्रज्ञापीठ के व्यवस्थापकों, मंडलों, सक्रिय कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त

**पूरे जिले में बनाए गए थे 195 परीक्षा केन्द्र**






# मेंटल हेल्थ के लिए पैरेंटिंग पर ध्यान देना जरूरी

शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय बिलासपुर में प्राचार्य प्रो. जीआर चतुर्वेदी की अध्यक्षता में मानसिक स्वास्थ्य संवर्धन विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय मानस संगोष्ठी सोमवार को आयोजित की गई। इसमें वक्ता राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. श्रीकृष्ण शर्मा "खांडल" ने कहा कि चिकित्सा संबंधी चुनौतियों के लिए अपने को तैयार करना होगा।

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य रजत जयंती समारोह के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान धन्वन्तरी के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व पूजा-अर्चना कर किया गया। प्रथम सत्र में वक्ता कृष्ण शर्मा ने मानसिक स्वास्थ्य एवं आयुर्वेद में उसके महत्त्व पर प्रकाश डाला और बताया कि शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मानसिक स्वास्थ्य का विशेष महत्व है।

आयुर्वेद के ग्रंथों में मानसिक स्वास्थ्य का विस्तृत वर्णन है। उन्होंने बताया कि आयुर्वेद में शुद्धता नहीं लाने से काम नहीं आएगा। विश्व की स्थिति तेजी से बदल रही है। मात्र 5 साल में ही सब कुछ बदल जा रहा है। मन को उस रफ्तार से चलाना मुश्किल है। यह लोगों को चमत्कार जैसे लगता है पर यह विभत्स भी है। भविष्य में चिकित्सा के लिए चुनौतियां होगी। इसके लिए अपने को तैयार करना होगा। हम कहते हैं कि हमारा देश युवाओं का देश है पर आज युवाओं की हालत कैसी है? चाहे वह नशा, बेरोजगारी या अन्य कारणों से हो। इस पर हमें विचार करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आज बच्चे एडल्ट हो रहे हैं। युवा कम उम्र में ही बूढ़े हो रहे हैं। बीमारी हो जा रही है। इन सब का कारण मानसिक रोग है। मरीज को प्रकृति के बीच ले जाने से वे उतनी जल्दी ठीक हो जाएंगे। मेंटल हेल्थ के कई कारण है। ऐसे मरीजों की स्टडी जरूरी है। उन्होंने इस बात पर चिंता जताई कि आज लोग बच्चों की पैरेंटिंग भूल गए हैं और पेट पैरेंटिंग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि इंसान अपने मन का आंकलन करना सीख गए तो जिंदगी जीना सीख जाएंगे। उनकी जिंदगी आसान हो जाएगी।

**आयुर्वेद महाविद्यालय में राष्ट्रीय मानस संगोष्ठी आयोजित**

### चिकित्सा संबंधी चुनौतियों के लिए अपने को करें तैयार : डॉ शर्मा

### चिकित्साधिकरियों को प्रमाण-पत्र वितरित

द्वितीय सत्र में वक्ता राज्य मानसिक चिकित्सालय सेंदरी बिलासपुर के सामाजिक कार्यकर्ता प्रशांत रंजन पाण्डेय ने सभी श्रोताओं को क्रियात्मक गतिविधियों में सम्मिलित करते हुए तनाव को पहचानने एवं उससे निपटने के तरीके बताए । संगोष्ठी में जिला बिलासपुर के तीस आयुष चिकित्साधिकरियों समेत जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. यशपाल ध्रुव, भारती आयुर्वेद महाविद्यालय दुर्ग के प्राचार्य डॉ. मानस रंजन होता भी अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। इस मौके पर महाविद्यालय के चिकित्साधिकारी समेत छात्र, शिक्षक एवं कर्मचारियों समेत 250 से अधिक प्रतिभागियों की उपस्थिति रही। संगोष्ठी में शामिल चिकित्साधिकरियों को प्रमाण-पत्र वितरित किया गया।

### इनका रहा सहयोग

कार्यक्रम को सफल बनाने में रजत जयंती समारोह की टीम डॉ विद्या भूषण पाण्डेय, डॉ विवेक दुबे, डॉ प्रशांत निषाद, डॉ प्रवीण मिश्रा, डॉ निधि मरकाम, डॉ नोमिता दीवान, डॉ कविता प्रधान का सहयोग रहा।

## जब-जब धर्म की हानि होती तब-तब भगवान धरती पर अवतरित होते हैं

**उसलापुर में बह रही श्रीमद भागवत कथा की अमृतधारा**

गोकुल धाम के पास राजपूत परिवार के द्वारा आयोजित नौ दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का प्रारंभ कलश यात्रा के साथ प्रवाहित हो रही हैं। भागवत कथा महापुराण में कथा प्रसंग पुष्पमाला पं नारेन्द्र दूबे के मुखारविंद से प्रवाहित हो रही है। कथा व्यास द्वारा जीवन में भागवत महापुराण के आयोजन एवं रसपान से जीवन में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप पड़ने वाले प्रभाव के बारे में विस्तार से बताया गया।

**बिलासपुर।** कथा के दौरान सुमधुर संगीत से सब कृष्ण भक्ति में गोता लगा रहे हैं। भागवत पुराण में श्री कृष्ण जन्म की कथा का प्रसंग और कृष्ण भक्ति में उपस्थित श्रद्धालु झूम उठे। पंचम दिवस पर पं नारेन्द्र दुबे ने श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का प्रसंग सुनाया, श्रीकृष्ण की जन्म कथा का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे।

इन्होंने बताया कि जब अत्याचारी कंस के पापों से धरती डोलने लगी, तो भगवान कृष्ण को अवतरित होना पड़ा। सात संतानों के बाद जब देवकी गर्भवती हुई, तो उसे अपनी इस संतान की मृत्यु का भय सता रहा था। भगवान की लीला वे स्वयं ही समझ सकते हैं, भगवान कृष्ण के जन्म लेते ही जेल के सभी बंधन टूट गए और भगवान श्रीकृष्ण गोकुल पहुंच गए। शास्त्री ने कहा कि जब-जब धरती पर धर्म की हानि होती है, तब-तब भगवान धरती पर अवतरित होते हैं। जैसे ही कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ पूरा पंडाल जयकारों से गूंजने लगा।





## समाज में संतुलन और सद्भाव के लिए कन्या में देवी स्वरूप देखें



### चैतन्य देवियों व सेवाधारियों का ब्रह्माकुमारीज़ ने किया सम्मान

**बिलासपुर।** ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा आयोजित चैतन्य देवियों की झांकी के सफल आयोजन पर एक विशेष कार्यक्रम में देवियों और सभी सेवाधारियों का सम्मान समारोह बड़े श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। यह आयोजन नारी सशक्तिकरण, सांस्कृतिक चेतना और आध्यात्मिक गरिमा का संगम बन गया, जहाँ कन्याओं और बहनों को देवी रूप में विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी मंजू दीदी ने कहा कि नारी केवल शक्ति का स्वरूप नहीं, वह सृजन, सेवा और संस्कारों की जननी भी है। जब एक कन्या में देवी को देखा जाता है, तभी समाज में संतुलन और सद्भाव स्थिर होता है। मंजू दीदी ने बतलाया कि माँ दुर्गा के रूप में विशेष कर समर्पित ब्रह्माकुमारी दीदी ही विराजित होती रहीं क्योंकि सभी को एकाग्रता, शान्ति और शक्ति के वाइब्रेशन देने के लिए भगवान से प्रीत और उनकी याद में बैठने के अभ्यासी होना आवश्यक है। अन्य देवियों के रूप में विराजित कुमारियां नई साधिकायें होती थीं। दीदी ने उन्हें राजयोग का अभ्यास और भगवान से प्यार बढ़ाने की प्रेरणा दी। झांकी के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था वाले भाई बहनों का भी विशेष सम्मान किया गया। इसके अतिरिक्त अन्य सभी सेवाधारियों का भी सम्मान के साथ आभार व्यक्त किया गया।

### नृत्य-संगीत की प्रस्तुति

आई जगदंबा गीत पर कुमारी दिव्या बहन व समूह द्वारा भावनात्मक नृत्य प्रस्तुति व मेरी मां के बराबर कोई नहीं पर सृष्टि सोनी द्वारा एकल नृत्य ने दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया। नृत्य के बाद सभी ने कभी फुर्सत हो तो जगदंबे गीत पर ध्यान-सत्र में भाग लिया। आरणा साहू नामक बालिका को नेशनल मार्शल आर्ट प्रतियोगिता में कांस्य पदक प्राप्त करने पर विशेष सम्मान प्रदान किया गया यह कन्याओं की आंतरिक शक्ति का प्रतीक बना।

**ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी कबड्डी महिला पुरुष टूर्नामेंट में नौ राज्यों के 1600 खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा**

## रमन विश्वविद्यालय की महिला एवं पुरुष दोनों कबड्डी टीमें आल इंडिया क्वालीफाई

कार्नर न्यूज

**बिलासपुर।** डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय के जोन इंटर यूनिवर्सिटी कबड्डी प्रतियोगिता में सीवी रमन विश्वविद्यालय की महिला और पुरुष दोनों टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ऑल इंडिया के लिए क्वालीफाई कर लिया है। आल इंडिया कबड्डी पुरुष वर्ग का गलगोटिया विश्वविद्यालय नोएडा में 13 से 17 अक्टूबर तक तथा महिला वर्ग का 2 से 7 नवंबर तक लद्दाख कारगिल में आयोजित है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए डॉक्टर सी वी रमन विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ अरविंद कुमार तिवारी ने बताया कि विश्वविद्यालय को ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी टूर्नामेंट की मेजबानी मिली है जिसमें कि नौ राज्यों के कुल 60 से अधिक विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। यह टूर्नामेंट 6 अक्टूबर से लेकर 14 अक्टूबर तक आयोजित किया गया जिसमें की 6 अक्टूबर से 9 अक्टूबर को पुरुष वर्ग एवं 11 अक्टूबर से 13 अक्टूबर तक महिला वर्ग का टूर्नामेंट आयोजित किया गया। इस दौरान 1600 से अधिक खिलाड़ियों और अधिकारियों ने हिस्सा लिया। उन्होंने बताया कि बहुत ही हर्ष की बात है , कि महिला और पुरुष वर्ग के दोनों टूर्नामेंट में डॉ सी वी रमन विश्वविद्यालय ने ऑल इंडिया क्वालीफाई कर लिया है। पुरुष वर्ग कबड्डी में ऑल इंडिया के लिए चार टीमों ने क्वालीफाई किया है। जिसमें एमजी काशी विद्यापीठ उत्तर प्रदेश, आजमगढ़ विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश, वीबीएस जौनपुर विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश और डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय बिलासपुर छत्तीसगढ़ शामिल है । इसी तरह महिला वर्ग में चार टीमों ने ऑल इंडिया क्वालीफाई किया है जिसमें डॉ सी वी रमन विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय बिलासपुर छत्तीसगढ़ एलएन मिथिला दरभंगा विश्वविद्यालय बिहार, और पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर छत्तीसगढ़ शामिल है। ज्ञात हो कि आल इंडिया कबड्डी पुरुष वर्ग का गलगोटिया वि वि नोएडा में 13 से 17 अक्टूबर तक तथा महिला वर्ग का 2 से 7 नवंबर तक लद्दाख कारगिल में आयोजित है। इस टूर्नामेंट में शामिल होने के लिए डॉक्टर सी वी रमन विश्वविद्यालय की टीम रवाना हो चुकी है। आज के मैच में ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी संगठन से आए पर्यावेक्षक डॉ अनिमल हक कलकत्ता, डॉ प्रमोद तिवारी संचालक शारीरिक शिक्षा अटल बिहारी वाजपेई वि वि,डॉ जय शंकर यादव संचालक शारीरिक शिक्षा सीवी रमन विश्व विद्यालय, डॉ ब्रम्हेश श्रीवास्तव,समस्त प्राध्यापक विभिन्न वि वि के क्रीड़ा अधिकारी, शारीरिक शिक्षा विभाग के समस्त विद्यार्थी प्राध्यापक, आदि उपस्थित थे।




### अधिक ऊर्जा और संघर्ष लेकर जाएं क्वालिफाइड टीमः कुलपति

इस अवसर पर उपस्थित विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर प्रदीप कुमार घोष ने कहा ,कि यह वक्त हर्ष करने का है। लेकिन उससे अधिक संघर्ष के लिए तैयार होने का भी है, क्योंकि ऑल इंडिया क्वालीफाई के बाद चयनित टीमों और खिलाड़ियों को और अधिक मेहनत करना होगा। इसलिए विद्यार्थी यहां से अधिक से अधिक ऊर्जा और संघर्ष लेकर जाएं।

SONY

# BRAVIA

CINEMA IS COMING HOME




S.S. Rajamouli
Celebrated Filmmaker

BIG SAVINGS with GST BENEFITS & FESTIVE OFFERS

Advanced AI | Powered by XR

## SPECIAL FESTIVE OFFERS*

3 YEARS WARRANTY*
*3 Years Comprehensive Warranty on 108cm (43) and above selected BRAVIA series. Valid in select state only. Applicable from 18th Sep to 31st October, 2025. T&C Apply.

INSTANT CASHBACK UP TO RS.25,000/-*
*Applicable on selected models only.

1 EMI FREE*
*Applicable on selected models

TV + SOUNDBAR COMBO OFFER
SAVE UPTO Rs.69,990/- | BUY NOW AT Rs.2,995/-
*Conditions apply

## BRAVIA

### BRAVIA 9
Our brightest 4K ever
WINNER 2024 TV SHOOTOUT KING OF MINI LED TV* — SONY BRAVIA 9 Mini LED TV
XR Mini LED
SPECIAL OFFER*: INSTANT CASHBACK UP TO Rs.20,000/- | Buy now Rs.7,500/- per month
Available Sizes: • 216cm (85) • 189cm (75) | Range starts from Rs.4,05,590/-

### BRAVIA 8 II NEW
Aesthetic slimness, blends in beautifully
WINNER 2025 TV SHOOTOUT KING OF TV* — SONY BRAVIA 8 II QD-OLED TV
XR OLED
SPECIAL OFFER*: INSTANT CASHBACK UP TO Rs.12,500/- | Buy now Rs.5,500/- per month
Available Sizes: • 164cm (65) • 139cm (55) | Range starts from Rs.2,39,650/-

### BRAVIA 7
Perfectly balanced, entertains everyone brilliantly
XR Mini LED
SPECIAL OFFER*: INSTANT CASHBACK UP TO Rs.12,500/- | Buy now Rs.2,995/- per month
Available Sizes: • 189cm (75) • 164cm (65) • 139cm (55) | Range starts from Rs.1,61,290/-

### BRAVIA 5 NEW
Big on entertainment, easy to love.
XR Mini LED
SPECIAL OFFER*: INSTANT CASHBACK UP TO Rs.25,000/- | Buy now Rs.2,995/- per month
Available Sizes: • 248cm (98) • 215cm (85) • 189cm (75) • 164cm (65) • 139cm (55) | Range starts from Rs.1,33,660/-

### BRAVIA 3
Rich Color, Immersive Sound
X1 4K HDR Processor
SPECIAL OFFER*: INSTANT CASHBACK UP TO Rs.15,000/- | Buy now Rs.1,849/- per month
Available Sizes: • 215cm (85) • 189cm (75) • 164cm (65) • 139cm (55) • 126cm (50) • 107cm (43) | Range starts from Rs.66,340/-

### BRAVIA 2 II NEW
Life, upscaled. In 4K.
X1 4K Processor
SPECIAL OFFER*: INSTANT CASHBACK UP TO Rs.7,500/- | Buy now Rs.1,849/- per month
Available Sizes: • 189cm (75) • 164cm (65) • 139cm (55) • 126cm (50) • 107cm (43) | Range starts from Rs.44,190/-

## SOUNDBAR

### HT-A3000 + SW3 + RS3S
Real 5.1ch* Home Theatre with Wireless Rear Speakers
SPECIAL OFFER*: INSTANT CASHBACK UP TO Rs.6,000/- Off | BUY NOW AT Rs.4,995/- Per Month | GET worth Rs.35,990/-
MRP Rs. 1,35,970/- | Offer Price Rs. 80,980/-

### BRAVIA Theatre System 6 NEW
Real 5.1ch Dolby Atmos Soundbar with Wireless Rear Speaker
SPECIAL OFFER*: COMBO OFFER UP TO Rs.3,000/- Off
1000W POWER OUTPUT | WIRELESS Rear Speakers
MRP Rs. 64,990/- | Offer Price Rs. 49,990/-

### HT-S20R
Real 5.1ch. Powerful Soundbars
SPECIAL OFFER*: SAVE Rs.10,000/- | BUY NOW AT Rs.874/- Per Month
400 RMS
MRP Rs. 23,990/- | BEST BUY: Rs. 13,990/-

## PARTY SPEAKER

### SRS-XV500
Portable Party Speaker
SPECIAL OFFER*: INSTANT CASHBACK UP TO Rs.3,000/- off | BUY NOW AT Rs.1,444/- Per Month
25hrs. Battery Life | SPLASH PROOF | Bluetooth | Karaoke Guitar
MRP Rs. 39,990/- | BEST BUY: Rs. 25,990/-

Finance offers powered by: pine labs | Paytm EMI
ATTRACTIVE CREDIT CARDS FINANCE OPTIONS*: AMERICAN EXPRESS, AXIS BANK, BOBCARD, DBS, FEDERAL BANK, HDFC BANK, HSBC, IDFC FIRST Bank, SBI card, YES BANK
ATTRACTIVE PAPER FINANCE OPTIONS*: BAJAJ FINSERV, HDB FINANCIAL SERVICES, IDFC FIRST Bank, kotak

Regd. Office: Sony India Pvt. Ltd., A-18, Mohan Co-operative Indl. Estate, Mathura Road, New Delhi-110 044.
Ph: 6600 6600 Fax: 26959141 Customer Care No.: 080 6500 6500 CIN No : U74899DL1994PTC062781. For corporate enquiries, please email at b2bindia@ap.sony.com

*Features & prices may vary for each product. For more details please visit: www.sony.co.in; Special Offers Applicable on select products in select cities for limited period only. For details of terms & Conditions on offers please visit https://www.sony.co.in/microsite/festive-tnc/ BRAVIA 9 Award: The Annual TV Shootout evaluation event was created by Value Electronics and the TV Shootout name is a trademark owned by Value Electronics. King of TV® a registered trademark of Value Electronics

Scan to know more — Diwali Offers

अमित सेल्स
एक समझदारी भरा फैसला संपूर्ण खुशहाली
श्रीकांत वर्मा मार्ग, बिलासपुर | 88188 00071
फाफाडीह-स्टेट बैंक के पास, रायपुर | जी.ई.रोड-आयुर्वेदिक कॉलेज के सामने, रायपुर

## खबर संक्षेप

### विश्व मानक दिवस पर कार्यक्रम आज रायपुर में, कमल रखेंगे विचार

बिलासपुर। भारतीय मानक ब्यूरो रायपुर शाखा की ओर से मंगलवार 14 अक्टूबर को 'विश्व मानक दिवस' मनाया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 10.30 बजे पं. दीनदयाल उपाध्याय सभागार, जीई रोड रायपुर में होगा। इस वर्ष का विषय 'बेहतर विश्व के लिए साझा दृष्टिकोण : सतत विकास लक्ष्यों के लिए मानक' रखा गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय होंगे। विशिष्ट अतिथि मंत्री दयाल दास बघेल शामिल होंगे। कार्यक्रम में छग सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष कमल सोनी व्याख्यान देंगे। इस अवसर पर औद्योगिक संस्थानों, विद्यार्थियों और उपभोक्ताओं को मानकों के प्रति जागरूक करने के लिए व्याख्यान, प्रदर्शनी और संवाद सत्र का आयोजन किया जाएगा। भारतीय मानक ब्यूरो ने बताया कि इसका उद्देश्य गुणवत्ता आधारित विकास को प्रोत्साहित करना और उद्योगों को वैश्विक मानकों से जोड़ना है।



### बिजली बिल वृद्धि के विरोध में युकां ने निकाला मशाल जुलूस

बिलासपुर। छग प्रदेश युवा कांग्रेस प्रभारी अमित सिंह पठानिया एवं सह प्रभारी डॉ मोनिका मांडरे व प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा के निर्देशाअनुसार जिला शहर युवा कांग्रेस के अध्यक्ष शेरू असलम के नेतृत्व में बिजली चोर गद्दी छोड़ के नारों के साथ मशाल जुलूस निकाला गया। लगातार बढ़ते बिजली बिल के विरोध में रामसेतु चौक से सीपत चौक तक युवा कांग्रेस ने मशाल यात्रा निकाल कर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदेश महासचिव आदिल आलम खैरानी एवं शेरू असलम ने कहा प्रदेश में भूपेश बघेल की सरकार में 400 युनिट तक फ्री बिजली दिया जाता था। अब इस योजना को बंद कर दिया गया है। बिजली बिल में छूट खत्म कर उसमे बढ़ोतरी कर दी गई है। जिससे आम जन परेशान हैं, जितनी तेजी से बिजली बिल की वृद्धि हुई है उतनी ही ज़्यादा बिजली कटौती हो रही। आज के इस आंदोलन में प्रदेश महासचिव आदिल आलम खैरानी जिला शहर अध्यक्ष शेरू असलम, मो अयाज, विकास सिंह, दीपक रजक, शैलेश मिश्रा, गौतम सिंह, शान्तनु मेश्राम, वक्कार ख़ान, सोनू भोरे आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।




### राजेंद्र नगर बस्ती से निकला पथ संचलन, भव्य स्वागत



बिलासपुर। विजयादशमी का पथ संचलन शताब्दी वर्ष पर केशव नगर के राजेंद्र नगर बस्ती से पथ संचलन निकाला गया। जिसमें माताओं बहनों ने भव्य स्वागत किया। समापन पर राजेंद्र नगर स्कूल में शस्त्र पूजा किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्त केशव उपनगर के सरकार्यवाहक दिग्विजय सिंह, धर्म जागरण मंच के प्रभारी रवि गोपाल, अध्यक्षता हरीश भारती ने किया। इस संचालन में संजय यादव, शैलेंद्र यादव, मंजीत यादव, लक्षण नागो, श्रवण यादव, लालू बजाज, नवनीत कौशिक, भोला यादव, रंजीत यादव, शुभ यादव, राजा यादव, सुजल यादव, दीपक सोनवानी आदि स्वयंसेवक मौजूद थे।

### आनलाइन रेत खदान के लिए प्रशिक्षण संभाग के 300 बोलीदार हुए शामिल



बिलासपुर। रेत खदान का ठेका अब आनलाइन दिया जाना है इसके लिए सोमवार को सिंचाई विभाग स्थित प्रार्थना सभा भवन में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें संभाग के लगभग 300 बोलीदार शामिल हुए।

### सोशल मीडिया में तलवार के साथ फोटो डालना पड़ा भारी, युवक गिरफ्तार

बिलासपुर। सोशल मीडिया पर हथियारों के साथ फोटो और वीडियो डालने वालों के खिलाफ बिलासपुर पुलिस लगातार सख्त कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में मस्तूरी थाना क्षेत्र के दलदली निवासी 20 वर्षीय विशाल अंचल पिता संजय अंचल को सिविल लाइन पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार विशाल ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर हाथ में तलवार लेकर फोटो पोस्ट की थी। इस पोस्ट के कैप्शन में उसने विलेन और खतरनाक जैसे शब्द लिखे थे। फोटो वायरल होने पर पुलिस ने तुरंत संज्ञान लिया और युवक की पहचान कर कार्रवाई की। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से तलवार जब्त की है। उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा के तहत अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस का कहना है कि सोशल मीडिया पर हथियारों के साथ इस तरह की पोस्ट डालना न कानूनन अपराध है। बल्कि इससे समाज में भय और अशांति फैलती है।



### नाले में एक व्यक्ति की लाश मिली

बिलासपुर। नाले व्यक्ति की लाश मिलने से सनसनी फैल गई है। पुलिस ने शव मरच्यूरी में रखवा दिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, सोमवार की रात 8 बजे लोगों ने श्रीकांत वर्मा मार्ग के नाले में एक व्यक्ति की लाश पाई गई। नाले से शव बाहर निकालकर मरच्यूरी में रखवा दिया है। मृतक की पहचान धर्मप्रकाश उर्फ नागपुर पिता जागेश्वरी 65 वर्ष मगरपारा मरार गली के रूप में की गई है। बताया जाता है मृतक आसपास के होटल में काम करता था। इस दौरान वहां लोगों की काफी भीड़ लग गई और लोग पूछताछ करने में जुटे रहे।

---

**अध्यक्ष बनने दावेदारों की भीड़** | **संगठन सृजन अभियान तहत नए लोगों को मिल सकता है मौका**

# कांग्रेस में शहर अध्यक्ष के लिए 16 व ग्रामीण अध्यक्ष के लिए 32 ने दिया आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

संगठन सृजन अभियान तहत कांग्रेस में शहर व जिलाध्यक्ष बनने दावेदारों की भीड़ लग गई है। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बनने के लिए जहां 16 लोगों ने आवेदन दिया है। वहीं दूसरी ओर जिलाध्यक्ष के लिए दावेदारों की भीड़ दोगुनी है और 32 लोगों ने आवेदन दिया है।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा पहली बार संगठन में बदलाव के लिए संगठन सृजन अभियान चलाया जा रहा है। छत्तीसगढ़ में भी सभी जिलों में संगठन सृजन अभियान चलाया जा रहा है। बिलासपुर जिले में सभी विधानसभाओं में बैठक और वन टू वन तथा रायशुमारी के बाद केन्द्रीय पर्यवेक्षक की टीम सोमवार को मुंगेली जिला में मुंगेली ओर लोरमी विधानसभा में वहां पर अध्यक्ष पद पर चयन के लिए रायशुमारी की। इधर बिलासपुर जिले में विधानसभावार बैठकों का दौरा पूरा हो गया है और तखतपुर, कोटा, मस्तूरी, बिल्हा, बिलासपुर व बेलतरा सभी विधानसभाओं में केन्द्रीय पर्यवेक्षक मध्य प्रदेश के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने बैठक की और दावेदारों से वन टू वन कर आवेदन लिए साथ ही कांग्रेस पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ताओं से रायशुमारी भी की। कांग्रेस में अध्यक्ष पद के लिए दावेदारों की भीड़ हो गई है। शहर अध्यक्ष बनने के लिए ही करीब 16 दावेदारों ने पर्यवेक्षक को आवेदन दिया है। अध्यक्ष पद के इन दावेदारों की भीड़ को देखते हुए पर्यवेक्षक की टीम द्वारा शार्ट लिस्ट किया जा रहा है।



**पर्यवेक्षक की टीम ले रही फीडबैक:** पर्यवेक्षक तो विधानसभावार बैठक कर दावेदारों से वन टू वन चर्चा किए हैं और कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं से रायशुमारी किए हैं। इसके अलावा पर्यवेक्षक की टीम भी घूम-घूमकर अपने तरफ से फीडबैक ले रही है। हरेक विधानसभावार और प्रमुख दावेदारों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। दावेदारों के सोशल मीडिया को भी चेक किया जा रहा है। यह टीम अपने तरीके से गोपनीय रूप से काम कर रही है।

#### शहर व जिलाध्यक्ष के लिए प्रमुख दावेदार

जिलाध्यक्ष पद के लिए एक और दावेदार प्रमोद नायक का नाम जुड़ गया है। उन्होंने अलग से पर्यवेक्षक से मिलकर अपनी दावेदारी पेश की है। वैसे तो जिलाध्यक्ष के लिए 32 दावेदारों ने आवेदन दिया है, किन्तु उनसे से प्रमुख दावेदारों में प्रमोद नायक सहित शिवबालक कौशिक, आत्मजीत मक्कड़, आशीष सिंह, आदित्य दीक्षित, संदीप शुक्ला, नीरज जायसवाल, संतोष दुबे, राजेन्द्र धीवर, महेन्द्र गंगोत्री, राजेन्द्र शुक्ला, लक्ष्मीनाथ साहू, विमल अग्रवाल, त्रिलोक श्रीवास, रविन्द्र सिंह, दिलीप पाटिल, रविन्द्र सिंह, जगदीश कौशिक आदि नाम शामिल हैं। इसी तरह शहर अध्यक्ष पद के लिए प्रमुख रूप से वर्तमान अध्यक्ष विजय पांडेय, पूर्व विधायक शैलेष पांडेय, पूर्व महापौर रामशरण यादव, शिवा मिश्रा, शेखर मुदलियार, महेश दुबे टाटा, राजकुमार तिवारी, नरेन्द्र बोलर आदि लोगों के नाम शामिल हैं।

---

**400 एकड़ में दिखाई देते हैं बड़े मकान और दुकान**

# फदहाखार में अवैध कब्जा : विभाग ने 523 को दिया नोटिस, कार्रवाई कुछ नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

वन मंडल बिलासपुर के फदहाखार रिजर्व फारेस्ट में हजारों की संख्या में लोगों ने बेजाकब्जा कर रखा हुआ है, जिसमें से केवल 523 लोगों को वन अधिनियम 80 के तहत नोटिस जारी कर खानापूर्ति का काम किया गया है। इन लोगों पर अब तक विभाग ने किसी तरह की कार्रवाई नहीं है, जबकि 400 एकड़ के क्षेत्र में लोगों ने बेधड़क बड़े पक्के मकान और दुकान भी बनाकर रखे हुए हैं।

बिलासपुर वन मंडल के सबसे बड़े जंगल के रूप में शहर से कुछ ही दूरी पर यानि रेलवे स्टेशन के पार फदहाखार का क्षेत्र है, जिसे सेन्ट्रल ने रिजर्व फारेस्ट घोषित कर दिया है। फदहाखार का क्षेत्र करीब 700 से अधिक एकड़ में फैला हुआ है। यहां जंगल और झाड़ियों की संख्या कम और लोगों के बड़े मकान और दुकान ज्यादा नजर आते हैं। फदहाखार के 400 एकड़ की जमीन पर अवैध कब्जा कर लोगों ने राशन दुकान तक खोलकर रखा हुआ है। कब्जा करने वाले लोगों को बिजली विभाग और सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ मिल रहा है। किसी समय घना जंगल होने के कारण यहां दुर्लभ वन्यप्राणी नजर आते थे, लेकिन अब यहां बड़े मकान बन चुके हैं। अवैध प्लाटिंग से बन गई कालोनी और बड़े मकान फदहाखार में एक दिन में नहीं हुआ है। धीरे-धीरे होते हुए अवैध कब्जों पर जंगल के अफसरों ने ध्यान ही नहीं दिया, बल्कि इसे और प्रश्रय देते रहे। भू माफियों ने यहां की जमीन पर अवैध प्लाटिंग की, इसलिए यहां हरियाली के जगह मकान और दुकान नजर आते हैं। रिजर्व फारेस्ट का क्षेत्र होने के बाद भी फदहाखार अवैध कब्जाधारियों के भेंट चढ़ते जा रहा है। अब मुख्यालय से आदेश आने के बाद बिलासपुर वन मंडल के अधिकारी और फदहाखार के प्रभारी की ओर से वन अधिनियम की धारा 80 के तहत 523 लोगों को नोटिस भेजने का काम किया गया है। नोटिस आने के बाद लोग अब राजनीतिक और प्रशासन का चक्कर काट रहे हैं, ताकि उन्हें बेघर न किया जाए।



**बंद हो गया अनुसंधान केन्द्र**

किसी समय यहां की खाली जमीन को देखकर साल अनुसंधान केन्द्र खोला गया था, लेकिन वह भी बंद हो चुका है। अनुसंधान केन्द्र इसलिए खोला गया था ताकि साल वृक्ष पर रिसर्च कर नई वेरायटी के पौधे तैयार हो सकें। फदहाखार की खाली जमीन को लेकर योजनाएं सिर्फ कागजों में बनती रहीं। ब्रिटिश काल में फदहखार जंगलों के बीच कत्था उद्योग था, यहां से भारी मात्रा में कत्था अलग-अलग स्थानों में भेजा जाता था।

#### 2000 के पहले के कब्जेधारी

बिलासपुर वन मंडल के वन मंडलाधिकारी के अनुसार वर्ष 2000 से पहले फदहाखार रिजर्व फारेस्ट में बेजा कब्जाधारियों को पीओआर जारी किया गया था। वर्तमान रिपोर्ट में करीब 1400 से अधिक बेजा कब्जाधारी काबिज हैं। पूर्व में जारी किए गए नोटिस के बावजूद जगह खाली करने के बजाय उन्होंने अपने मकान व दुकानों को आगे बढ़ा दिया है। इनमें से 523 से अधिक परिवारों को नोटिस जारी किया गया है, ताकि वे उस जगह को खाली कर दें।

#### तीन नोटिस के बाद कार्रवाई

फदहाखार में कब्जा करने वाले 523 लोगों को पहली नोटिस विभाग की ओर से जारी कर दी गई है। इस नोटिस के बाद उन्होंने क्षेत्र को नहीं छोड़ा तो दूसरी नोटिस और बाद में तीसरी नोटिस जारी की जाएगी। तीन नोटिस के बाद ही आगे की कार्रवाई होगी।

**-वैभव मिश्रा**, रेंज अफसर, बिलासपुर वन मंडल

---

## डॉ. कलाम की जयंती पर एवीएम में 'कलाम विद इन मी' कार्यक्रम कल से

बिलासपुर। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती पर आधार शिला विद्या मंदिर सैनिक स्कूल में प्रेरणादायक कार्यक्रम 'कलाम विद इन मी' का आयोजन 15 एवं 16 अक्टूबर को किया जा रहा है। अपने आप में अनूठा यह कार्यक्रम विद्यालय का 'सिग्नेचर प्रोग्राम' है।

डॉ. कलाम की स्मृति में आयोजित इस कार्यक्रम की यह दसवीं वर्षगाँठ है। विद्यालय का निरंतर यह प्रयास रहा है कि विद्यार्थियों की छिपी प्रतिभाएँ निखर कर सामने आएँ। इसलिए विद्यालय हर साल शहर में स्थित सभी विद्यालयों के छात्रों को इस कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित करता है। इस बार कार्यक्रम की प्रमुख प्रतिस्पर्धाओं में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इस दौरान ताल तरंग (नृत्य प्रतियोगिता), स्वर तरंग (गायन प्रतियोगिता), मॉम एंड मी (नॉन फायर कुकिंग), पेंट योर ड्रीम्स, डिबेट (वाद -विवाद प्रतियोगिता), इसरो क्विज, साइंस एग्जीवेशन, टैलेंट शो, बास्केट बॉल, टीचिंग मेथेडोलाजी (शिक्षकों के लिए)। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई कलाकृतियां विद्यार्थियों के रचनात्मक कौशल और डॉ कलाम के जीवन पर आधारित आर्ट गैलरी उनके जीवन दर्शन को दर्शाएगी। छग राज्य के स्थापना 25 वीं वर्षगाँठ को दर्शाती छत्तीसगढ़ की झलक की झाँकी आकर्षण केंद्र रहेगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व वायुसेना अधिकारी ग्रुप कैप्टन वाई. श्रीनिवासन, सम्मानित अतिथि पूर्व सैन्य अधिकारी राकेश सिंह बिसेन एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व नौसेना अधिकारी कमांडर संदीप मुरारका होंगे। विद्यालय के चेयरमैन डॉ.अजय श्रीवास्तव ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रुचि जागृत करना और उन्हें मिसाइल मैन के आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित करना है। विद्यालय के डायरेक्टर एस के जनास्वामी और प्रिंसिपल जी आर मधुलिका ने प्रतिभागी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।




**एजुकेशन प्लस**

## अपना मार्ट पर दिवाली सेल को ग्राहकों का मिल रहा अच्छा प्रतिसाद




बिलासपुर। रविवार 12 अक्टूबर को अपना मार्ट ने दिवाली सेल का शुभारंभ किया। 12 अक्टूबर से 21 अक्टूबर तक चलने वाली यह सेल शहर भर के ग्राहकों का ध्यान आकर्षित कर रही है। पहले ही दिन जहां स्टोर्स पर लंबी लाइन देखी गईं, वहीं ऑनलाइन ऑर्डर्स में भी तेजी आई है, जो दर्शाता है कि यह ऑफर ग्राहकों के बीच काफी लोकप्रिय हो रहा है।

अपना मार्ट ने इस दौरान कई आकर्षक ऑफर्स की घोषणा की है, जिसमें 2000 की शॉपिंग पर 200 का डिस्काउंट, 1000 की शॉपिंग पर 50 का डिस्काउंट, 1500 की खरीदारी पर 100 का डिस्काउंट और 19 रुपए में झाड़ू जैसे ऑफर्स शामिल हैं। इसके अलावा, अक्टूबर महीने में 4000 रुपए की शॉपिंग करने पर ग्राहकों को मिलेगा चांदी का सिक्का या सॉसपैन सिर्फ 1 रुपए में। अपनामार्ट के प्रवक्ता मनीष अग्रवाल ने बताया कि यह सेल हमारे ग्राहकों के प्रति आभार व्यक्त करने का एक तरीका है। उनका प्यार और समर्थन हमें हर बार नई ऊंचाइयों तक पहुंचने की प्रेरणा देता है। हम आशा करते हैं कि इस सेल के माध्यम से हम उन्हें और भी बेहतरीन सेवाएं और उत्पाद प्रदान कर सकें।

उन्होंने बताया कि अपनामार्ट का यह कदम न केवल फेस्टिव सीजन को और भी खास बना रहा है, बल्कि ब्रांड को अपने ग्राहकों के साथ एक मजबूत संबंध स्थापित करने में भी मदद कर रहा है।

**बिजनेस प्लस**

---

## छठ पूजा समिति ने की मूर्ति विसर्जन के अवशेष निकालने की अपील

बिलासपुर। छठ पूजा समिति छठ घाट की साफ सफाई रंग रोगन में लग गई है। समिति के सदस्यों ने बताय कि वर्तमान में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मूर्ति विसर्जन के अवशेष घाट के अंदर देखने को मिल रहा है। छठ पूजा दिवाली के छठवें दिन है।

दीपावली से पहले घाट की अच्छे से सफाई समिति की महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों में से एक है। घाट के अंदर 20-22 ट्रक से भी ज्यादा मूर्ति विसर्जन के अवशेष देखे जा रहे हैं। यह अवशेष नगर निगम के माध्यम से निकाले जाते हैं। इसे समय रहते निकालने के लिए समिति नगर निगम से अपील करती है। नदी के घाट तक जल भराव होने के बाद अंदर जल में अवशेष रहने की स्थिति में दुर्घटना की आशंका तय है। इसलिए नदी के अंदर मूर्ति विसर्जन का अवशेष निकालना समिति की प्राथमिकता है। जिसमें नगर निगम बिलासपुर को भी संज्ञान लेना चाहिए। घाट के अलावे पार्किंग स्थल का समतलीकरण भी महत्वपूर्ण है, जिसे नगर निगम हर वर्ष पूर्ण करती है। इस वर्ष भी समय रहते इस कार्य को पूरा करना आवश्यक है। सदस्यों ने बताया कि आयोजन को लेकर समिति के सदस्यों में काफी उत्साह है। छठ पूजा समारोह को सफल बनाने के लिए अभी से तैयार शुरू कर दी गईहै। सभी सदस्यों को आवश्यक जिम्मेदारी सौंपी जा चुकी है इसमें समिति के सदस्यों को पूरा सहयोग मिल रहा है। निश्चित ही यह आयोजन सफल रहेगा।



## अनुसंधान के लिए पुस्तकालय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी आज से

बिलासपुर। अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय एवं राजा राममोहन राय पुस्तकालय प्रतिष्ठान, कोलकाता के संयुक्त तत्वावधान में माधव राव सप्रे पुस्तकालय विभाग बिलासपुर द्वारा 14 एवं 15 अक्टूबर को दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। संगोष्ठी का मुख्य विषय है अनुसंधान के लिए पुस्तकालय इस संगोष्ठी का उद्देश्य शोध के क्षेत्र में पुस्तकालयों की भूमिका, डिजिटल संसाधनों के बढ़ते उपयोग, सूचना प्रबंधन की आधुनिक प्रवृत्तियों, तथा अनुसंधान को सहयोग प्रदान करने वाली ग्रंथालय सेवाओं के बदलते स्वरूप पर गहन चर्चा करना है। कुलपति आचार्य अरुण दिवाकर नाथ बाजपेयी ने कहा कि "संगोष्ठी के दौरान प्रतिभागी अपने शोध-पत्र प्रस्तुत करेंगे और विषय से संबंधित विविध उप-विषयों पर केंद्रित तकनीकी सत्रों में विचार-विमर्श करेंगे। संगोष्ठी के मुख्य आकर्षणों में प्रमुख वक्ताओं के उद्घाटन भाषण, शोध-पत्रों की प्रस्तुति, पैनल चर्चा एवं प्रश्नोत्तर सत्र शामिल हैं। इस अवसर पर देश के विभिन्न अंचलों से आए विशेषज्ञ अपने विचार साझा करेंगे। परीक्षा नियंत्रक डॉ. तरुण धर दीवान ने बताया कि यह संगोष्ठी विश्वविद्यालय के शैक्षणिक एवं अनुसंधान परिवेश को नई दिशा प्रदान करेगी और पुस्तकालय सेवाओं के क्षेत्र में नवीन आयाम स्थापित करने में सहायक सिद्ध होगी।

---

**किस पेपर को माना जाएगा ओरिजनल, कैसे मिलेगा बैंक लोन?**

# पेपरलेस रजिस्ट्री से जमीन के दस्तावेज मिलेंगे वाट्सएप-ईमेल पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आने वाले समय में सरकार रजिस्ट्री की पूरी प्रक्रिया को पेपरलेस करने की तैयारी में है। पेपरलेस रजिस्ट्री लागू होने के बाद पक्षकारों को जमीन के पेपर उनके व्हाट्सएप नंबरों व ईमेल आईडी पर भेजे जाएंगे, जिसे फारवर्ड करते ही उसकी हजारों कॉपी निकाली जा सकेगी। सवाल यह है कि ऐसे में बैंक लोन वाले मामलों के लिए किन दस्तावेजों को ओरिजनल माना जाएगा?

रजिस्ट्री की प्रक्रिया को हाईटेक करने इस क्षेत्र में सरकार लगातार नया प्रयोग कर रही है। इस कड़ी में सबसे पहला बदलाव ये किया गया है कि दस्तावेज अब मैनुअल की जगह माई डीड फार्मेट में तैयार होने लगे हैं। जमीन खरीदने या बेचने जाने वालों के लिए दस्तावेज लेखकों के द्वारा माईडीड नामक साफ्टवेयर में दस्तावेज तैयार किए जाते हैं, जो पूरा होने के बाद विभाग के पोर्टल में पहुंचा दिया जाता है। इसी तरह रजिस्ट्री भी ऑनलाईन करने की तैयारी की जा रही है। इसके अंतर्गत पक्षकारों को स्टांप की खरीदी व रजिस्ट्री शुल्क का भुगतान भी ऑनलाईन करना होगा। अभी यह काम फिलहाल नगदी के माध्यम से किया जा रहा है। इसी प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए विभाग द्वारा ऑनलाईन रजिस्ट्री को आने वाले समय में पूरी तरह लागू करते हुए न केवल स्टांप व रजिस्ट्री शुल्क ऑनलाईन लिया जाएगा, बल्कि रजिस्ट्री होने के बाद जमीन के दस्तावेज भी पक्षकारों को उनके रजिस्टर्ड नंबरों व ईमेल पर भेजे जाएंगे। अब तक अपनी जमीन पर घर बनवाने वाले लोगों को जमीन के मूल दस्तावेज प्रस्तुत करने या जमा करने पर बैंक द्वारा फायनेंस किया जाता था। नई प्रक्रिया के अनुसार पक्षकारों को रजिस्ट्री की हार्डकॉपी दी ही नहीं जानी है।




#### ईमेल पर देंगे दस्तावेज

ऑनलाईन एवं शत प्रतिशत पेपरलेस रजिस्ट्री के चलन में आने के बाद पक्षकारों को दस्तावेजों की हार्डकॉपी नहीं दी जाएगी। पक्षकारों द्वारा रजिस्ट्री के दौरान दिए गए रजिस्टर्ड नंबरों एवं ईमेल पर ही जमीन के दस्तावेज भेजे जाएंगे।

**-आरके स्वर्णकार**, जिला पंजीयक

#### पेपर मान्य किया जाना चाहिए

पेपरलेस रजिस्ट्री के लागू होने के बाद पक्षकारों को उनके रजिस्टर्ड नंबरों व ईमेल पर रजिस्ट्री के पेपर भेजे जाएंगे। जिस तरह से ऑनलाईन बनवाया गया बर्थ सर्टिफिकेट या आधार कार्ड सभी स्थानों पर मान्य किया जाता है। ठीक उसी प्रकार ऑनलाईन रजिस्ट्री पेपर भी मान्य किया जाना चाहिए।

**-मनीष गुप्ता**, प्रदेश अध्यक्ष, दस्तावेज लेखक संघ

---

## जिला कार्यालय परिसर में सीपीआर जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ




बिलासपुर। भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से जिला कार्यालय परिसर में सीपीआर जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ किया गया।

शिविर लगाकर यहां कार्यरत कर्मचारियों एवं आम नागरिकों के लिए हृदय रोग से बचाव की जानकारी दी गई। एडीएम शिवकुमार बनर्जी ने इस अवसर पर कहा कि आज के समय में सीपीआर किस तरह से किया जाना है, कब किया जाना है, इसकी जानकारी सभी को होनी चाहिए। सीपीआर किन परिस्थितियों में किया जाए उसके लक्षण क्या होंगे? इस पर संबोधित किया। कार्यक्रम में डॉक्टर रक्षित जोगी ने हार्ट अटैक एवं हार्ट अरेस्ट के विषय में लोगों को समझाया। रेडक्रॉस के जिला समन्वयक सौरभ सक्सेना ने सीपीआर जागरूकता सप्ताह के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम को सचिव रेडक्रॉस डॉ. शुभा गढेवाल ने भी संबोधित किया। सीपीआर का डेमो प्रदर्शन मास्टर ट्रेनर अपराजिता मिश्रा, अन्नू पटेल एवं नौरीश जेहरा अली ने किया। कार्यक्रम में डॉ. राजीव अवस्थी, आदित्य पांडे, सुशील राजपूत सहित 40 से अधिक लोगों ने सीपीआर का प्रशिक्षण प्राप्त किया।

खबर संक्षेप

## यहां आज रहेगी बिजली बंद

**बिलासपुर।** बिजली विभाग द्वारा शेड्यूल मेंटनेंस के तहत भारतीय नगर सबस्टेशन में निर्माण व रखरखाव का काम किया जाएगा। इस दौरान प्रियदर्शनी नगर, सलूजा विहार, तालापारा फीडर की सप्लाई बंद रहेगी। इस दौरान अज्ञेय नगर, प्रियदर्शनी नगर, भारतीय नगर, सलूजा विहार, स्मार्ट रोड, तालापारा सहित आसपास के इलाकों में बिजली बंद रहेगी। इसके साथ पीजीबीटी सबस्टेशन के तहत शिव टाकिज चौक, पुराना हाईकोर्ट, टिकरापारा, मन्नू चौक, पुराना बसस्टैंड, राजीव प्लाजा, करबला रोड, कश्यप कालोनी, तारबहार फीडर, साई भूमि, कासिमपारा, पेंडलवार हास्पिटल, जगमल चौक, गीताजंली सिटी फेस 1 व2, बसंत विहार में बिजली सप्लाई सुबह 10 से 2 बजे तक बंद रहेगी।

## चाकू से हमला: चेन लूटकर भागा नकाबपोश



**बिलासपुर।** चाकू से हमला करने के बाद व्यवसायी के गले सोने की चेन लूटकर नकाबपोश भाग गया। पुलिस नकाबपोश को नहीं पकड़ पाई है। बिल्हा पुलिस के अनुसार, एकता नगर वार्ड क्रमांक 4 बिल्हा निवासी गोपाल प्रसाद अग्रवाल बोरवेल्स का काम करते हैं। प्रतिदिन सुबह वे अपने प्लाट की देखरेख करने जाते हैं। सोमवार की सुबह 6.30 बजे वे अपने प्लाट गए थे। फूल तोड़ने के दौरान उन्होंने देखा एक संदिग्ध व्यक्ति चेहरे पर नकाब लगाए ताक झांक कर रहा है। उन्होंने पूछताछ की तो नकाबपोश चाकू निकालकर हमला करने लगा। बीच बचाव के दौरान श्री अग्रवाल ने चाकू को पकड़ लिया। जिससे हाथ की उंगली में चोट आई। नकाबपोश धक्का देकर उन्हें गिराकर गले से डेढ़ तोला वजनी सोने की चेन लूटकर भाग गया। भागते समय चेहरे में लगाए काले रंग का कपड़ा व चाकू मौके पर गिर गया था। पुलिस ने श्री अग्रवाल की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 309, 6 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

## बुजुर्ग ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**बिलासपुर।** शराब पीकर विवाद होने से मारकर फेंक देने की धमकी देने पर बुजुर्ग ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस ने उसके पास सोसाइट नोट जब्त किया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। मस्तूरी टीआई हरीशचंद्र टाण्डेकर ने बताया, जयरामनगर खैरा निवासी श्यामसुंदर साहू 70 साल ने रविवार की रात घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस को उसके पास से सोसाइट नोट जब्त किया है, जिसमें उन्होंने लिखा है गांव के अशोक साहू ने उन्हें मारकर फेंक देने की धमकी दिया था, जिससे वह आत्महत्या कर रहा है। श्री टाण्डेकर ने बताया, रविवार की शाम मृतक अशोक साहू के साथ शराब पी रहे थे। नशे में दोनों के बीच विवाद हो गया, जिससे अशोक साहू ने उन्हें मरवाकर फेंक देने की धमकी दी थी। पुलिस सोसाइड नोट जब्त कर मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

राजस्व खुफिया निदेशालय को सौंपा गया मामला | यात्री से करोड़ों रुपए के जेवरात के संबंध में दस्तावेज मांगे, नहीं दिखा सका

# बिलासपुर-इतवारी एक्सप्रेस से 3.37 करोड़ के जेवरात जब्त, आरपीएफ ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आरपीएफ की टीम ने ट्रेन में स्काटिंग के दौरान एक संदेही को पकड़कर उसके पास रखे बैग की तलाशी लेने के बाद 3 करोड़ 37 लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवरात जब्त किया है। आरपीएफ ने उक्त व्यक्ति के साथ जेवरात को अग्रिम कार्रवाई के लिए राजस्व खुफिया निदेशालय के सुपुर्द कर दिया है।

त्यौहार के समय ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ शुरु होने के साथ ही अपराधिक गतिविधियां भी बढ़ गई हैं। यात्रियों की भीड़ को नियंत्रित करने के अलावा अपराधिक गतिविधियों पर निगरानी के लिए आरपीएफ की स्काटिंग टीम लगातार सभी लंबी दूरी की ट्रेनों के अलावा एक्सप्रेस और सुपरफास्ट सहित पैसेंजर व मेमू ट्रेनों में भी पेट्रोलिंग कर रही है। बोर्ड के आदेश पर अन्य स्टेशनों कें साथ दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के तीनों डिवीजन बिलासपुर, रायपुर और नागपुर में सर्चिंग करना शुरु कर दिया गया है। इसी तरह रेलवे सुरक्षा बल टास्क टीम ने 12855 बिलासपुर-इतवारी एक्सप्रेस में जांच के दौरान स्लीपर कोच एस 6 में एक संदेही को पकड़कर पूछताछ की। उक्त संदेही श्रीनगर बम्बा भवन के पास गोंदिया निवासी नरेश पंजवानी पिता टेकचंद पंजवानी 55 साल इतवारी तक सफर कर रहा था, जिसके पास रखे एक थैले को चेक करने पर उसमें 3 करोड़ 27 लाख रुपए के 2 किलो 683 ग्राम सोने के जेवरात और 10.44 लाख रुपए के 7 किलो 440 ग्राम चांदी के जेवरात सहित 3.37 करोड़ के जेवरात रखे हुए थे। आरपीएफ ने यात्री से करोड़ों रुपए के जेवरात के संबंध में दस्तावेज मांगे, जिसे वह नहीं दिखा सका। बिना दस्तावेज और बिल के करोड़ों रुपए के जेवरात लेकर सफर करने वाले यात्री को आरपीएफ की टीम ने पूछताछ के उपरांत राजस्व खुफिया निदेशालय को सौंप दिया है। डीआरडी की टीम सोने व चांदी की छड़ एवं आभूषण को जब्त कर कस्टम एक्ट के तहत कार्रवाई कर रही है।



आरोपी से जब्त जेवर।

### गीतांजली एक्सप्रेस में पकड़ा गया हत्या का आरोपी

इसी तरह रेलवे सुरक्षा बल की टीम ने हत्या के आरोपी को गीतांजली एक्सप्रेस से पकड़ा है। जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रेल श्रीमती श्वेता सिन्हा से सूचना मिली कि एक हत्या का आरोपी 12860 हावड़ा-मुम्बई गीतांजली एक्सप्रेस से फरार हो गया है। सूचना मिलते ही आरपीएफ की टास्क टीम, अपराध गुप्तचर शाखा ने तत्काल गीतांजली एक्सप्रेस में छानबीन की। आरोपी के फोटो के आधार पर सीसीटीवी फुटेज को विशेषज्ञ टीम उपनिरीक्षक दीपक कुमार, महिला आरक्षक ज्योति बाला ने चेक किया। सीसीटीवी फुटेंज में आरोपी गीतांजली एक्सप्रेस से उतरकर 07051 चेरापल्लि-रक्सौल एक्सप्रेस के सामने वाले एसएलआर कोच में सवार होते देखा गया, जो दुर्ग की ओर जा रहा था। टीम ने तत्काल आरोपी को पकड़कर पूछताछ की। आरोपी रायपुर मंदिर हसौद निवासी 26 वर्षीय करण पोर्ते उर्फ करन पिता कार्तिक पोर्ते को टीम ने पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया है।

150 लीटर महुआ शराब, 5 हण्डा महुआ लहान, 5 गैस सिलेण्डर जब्त

# रात 2 बजे पुलिस ने नदी किनारे गैस सिलेण्डर से अवैध शराब बनाते 3 कोचियों को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

▪ एक किलो मीटर पैदल चलकर गई पुलिस

चकरभाठा पुलिस ने रात 2 बजे एक किलो मीटर पैदल चलकर नदी किराने गैस सिलेण्डर से पांच गंज में महुआ शराब बनाते हुए 3 कोचियों को रंगे हाथों पकड़ लिया है। उनके पास से 150 लीटर महुआ शराब, 5 हण्डा महुआ लहान, 5 नग गैस सिलेण्डर, झोंकनी पाइप लाइन जब्त की गई है। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

चकरभाठा टीआई उत्तम साहू को पिछले दो माह से पिरैया निवासी संजू भारद्वाज के द्वारा भारी मात्रा में महुआ शराब बनाकर बिक्री करने की शिकायत मिल रही थी। पुलिस उसके शराब बनाने के ठिकाने की तलाश में लगी हुई थी। रविवार की रात सूचना मिली कि कोचिया संजू भारद्वाज गांव के अरपा नदी के किनारे झाड़ियों में भारी मात्रा में महुआ शराब बना रहा है। एसएसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर श्री साहू ने स्टाप के साथ रात 2 बजे गांव से दूर गाड़ियों को खड़ी कर एक किलो मीटर जंगल झाड़ियों के बीच नदी किनारे दबिश देकर रंगे हाथों कोचिया को गैस सिलेण्डर से पांच गंज में महुआ शराब बनाते पकड़ लिया। मौके पर 5 हण्डा में लहान मिला, जिसे नदी में फेंककर नष्ट किया गया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 150 लीटर महुआ शराब, 5 एल्युमिनियम हण्डा, 5 स्टील की झोंकनी, 10 प्लास्टिक डिब्बा जब्त किया गया है। पुलिस ने आबकारी अधिनियम 34, 1, 34 2, 59 क के तहत तीनों को गिरफ्तार कर लिया है। पूर्व में आरोपी संजू भारद्वाज हर सप्ताह 150 से 200 लीटर महुआ शराब बनाकर गांव के अलावा बिल्हा, मस्तूरी क्षेत्र के कोचियों को सप्लाई करता था। एक तरह से वह नदी किनारे शराब बनाने की फैक्ट्री चला रहा था। पूर्व में भी उसे अवैध शराब के साथ पकड़ा गया था।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### पकड़े गए आरोपी

- संजू भारद्वाज पिता साहबलाल भारद्वाज 22 साल पिरैया
- सुभाष भारद्वाज पिता रामधार भारद्वाज 25 साल पिरैया
- अजय लहरे पिता चंदराम लहरे 30 साल बकरकुदा मस्तूरी

### संपत्ति की होगी जांच

लोगों की आंखों में धूल झोंकने के लिए आरोपी संजू भारद्वाज गांव में किराना दुकान चलाता है और रात के अंधेरे में भारी मात्रा में शराब बनाकर आसपास के गांव में बिक्री कर रहा था। पुलिस उसकी संपत्ति की जानकारी एकत्रित कर रही है। बेहिसाब संपत्ति मिलने पर उसकी जब्ती की कार्रवाई की जाएगी।

## जुआ खेलते पकड़े गए 6 जुआरी

**बिलासपुर।** पुलिस खेलते 6 जुआरियों को गिरफ्तार कर लिया है। तोरवा टीआई अभय सिंह बैस को सूचना मिली, देवरखुर्द मंगल विहार तालाब के पास जुआरी एकत्रित होकर जुआ खेल रहे हैं। उन्होंने स्टाफ के साथ मौके पर दबिश देकर जुआ खेलते शिवा तांडी पिता गोबड़ा तांडी देवरीखुर्द, अशोक कुमार देवांगन पिता छोटेलाल देवरीखुर्द, जय किशन भाई पिता साधारण भोई मोपका, श्याम श्रीवास पिता स्व. रघुनाथ देवरीखुर्द, श्याम कौशिक पिता राम अवतार बरखदान, यशवंत दास मानिकपुरी पिता शीतल दास देवरीखुर्द निवासी को पकड़ लिया है। उनके पास से 3 हजार 750 रुपए जब्त किया गया है। पुलिस ने जुआरियों को गिरफ्तार कर लिया है।



पकड़े गए जुआरी।

## बाघिन और शावक दिखने से केकराडीह में दहशत

**बिलासपुर।** अचानक बाघिन और शावक को देखने के बाद ग्राम केकराडीह के ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। वहीं सूचना मिलने के बाद वन विभाग टीम बाघिन व शावक की खोजबीन करने के साथ अलर्ट जारी कर दी है।

जानकारी के अनुसार बिलासपुर वन मंडल के बेलगहना वन परिक्षेत्र से करीब पांच किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम केकराडीह के निकट जंगल में बाघिन को शावकों के साथ देखा गया। गांव की महिला सुमित्रा बाई यादव ने बताया कि बाघिन और शावक को देखने के बाद वे लोग अपनी जान बचाकर भाग निकले। इस संबंध में वन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को सूचित कर दिया गया है। विभागीय टीम ने सूचना मिलने के बाद बाघिन और शावक की खोजबीन करना शुरु कर दिया है, कोटा वन परिक्षेत्र के एसडीओ अनिल भास्करन ने बताया कि बाघिन और शावक नहीं मिले हैं, लेकिन टीम लगातार सर्चिंग करने के साथ गांव में अलर्ट करती है ताकि किसी तरह की घटना न हो सके।






## सेंट्रल विवि: निष्कासित छात्र धरने पर बैठा



**बिलासपुर।** गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी द्वारा निष्कासित बीएससी कंप्यूटर साइंस फाइनल ईयर का छात्र सुदीप शास्त्री सोमवार शाम को यूनिवर्सिटी मेनगेट के सामने टेंट लगाकर धरना पर बैठ गया। सुदीप के समर्थन में कुछ और छात्र धरने में बैठ गए हैं। धरने की सूचना मिलते ही कोनी थाना से पुलिस बल मौका पर पहुंच गई थी, वहीं यूनिवर्सिटी के सुरक्षा गार्डस भी मेनगेट पर तैनात रहे।

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी द्वारा बीएससी कंप्यूटर साइंस के फाइनल ईयर के एक छात्र सुदीप शास्त्री को यूनिवर्सिटी से निकाल दिया गया है। वहीं दूसरे छात्र सार्थक मिश्रा का एडमिशन निरस्त कर दिया गया है। इन दोनों छात्रों का सेंट्रल यूनिवर्सिटी में प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया गया है। इस मामले में एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष लक्की मिश्रा ने पिछले दिनों यूनिवर्सिटी पर तानाशाही का आरोप लगाते हुए छात्र को वापस लेने अन्यथा आंदोलन की चेतावनी दी थी। उनका आरोप था कि गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में तानाशाही का माहौल बना हुआ है। कंप्यूटर साइंस विभाग के छात्र सुदीप शास्त्री का टीसी और करेक्टर सर्टीफिकेट बिना किसी स्पष्ट कारण के जारी किया गया जो प्रशासन की छात्र विरोधी मानसिकता को दर्शाता है। यह कदम छात्रों को डराने और चुप कराने की साजिश का हिस्सा है। उन्होंने यूनिवर्सिटी प्रशासन को 10 दिनों का अल्टीमेटम देते हुए कहा है कि यदि छात्र सुदीप शास्त्री का टीसी और सीसी वापस नहीं लेने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी थी। इसी के तहत सोमवार शाम को कार्यालयीन समय समाप्त होने के बाद जब यूनिवर्सिटी के अधिकांश अधिकारी-कर्मचारी कार्यालय से जा चुके थे तब छात्र सुदीप शास्त्री, लक्की मिश्रा और अन्य साथियों के साथ पहुंचा और यूनिवर्सिटी मेनगेट के बाद एक तरफ टेंट में धरने पर बैठ गया। धरना की सूचना मिलते ही वहां पर कोनी थाना से पुलिस बल पहुंच गई और यूनिवर्सिटी के सुरक्षा गार्डस गेट के सामने स्टापर लगाकर तैनात हो गए थे।






## खबर संक्षेप

### शिवमहापुराण एवं रूद्राभिषेक का आयोजन

**तखतपुर।** शिव शक्ति मानस महिला मंडली की ओर से श्री शिवमहापुराण एवं रूद्राभिषेक का आयोजन देवांगन मोहल्ला शिव मंदिर में आगामी 24 से 31 अक्टूबर तक किया जा रहा है। आयोजन के कथा व्यास पं चंद्रशेखर एवं यजमान राधा देवी रामकुमार देवांगन हैं।

### अवैध कब्जे को लेकर एसडीएम से शिकायत

**लोरमी।** 50 बिस्तर अस्पताल के सामने अवैधानिक रूप से ठेला व दुकान लगाने की शिकायत ग्रामीणों ने एसडीएम से की है। शिकायत में जानकारी दी गई है कि, 50 बिस्तर अस्पताल के सामने बेतरतीब तरीके से रोड किनारे दुकान व ठेला लगाने से यातायात व्यवस्था बिगड़ रही है। साथ ही अस्पताल आने-जाने वालों के लिए पार्किंग की भारी समस्या हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि, इसके पूर्व एसडीएम ने अवैध कब्जा कर दुकान लगाने वालों के खिलाफ कार्रवाई कर यातायात व्यवस्था को सुगम कराया गया था, लेकिन फिर से अवैध कब्जा कर यातायात व्यवस्था बाधित किया जा रहा है। मामले की शिकायत कलेक्टर जनदर्शन में भी की जा चुकी है। अवैध दुकानों के हटाने को लेकर शिकायत करने वालों में पन्ना लाल तिवारी, पार्षद धारणी पुरुषोत्तम राजपूत, परस राम राजपूत, शेष कुमार तिवारी बलभद्र सिंह, गोवर्धन श्रीवास, हीरा सिंह आदि शामिल हैं।

### वन्य जीवों का शिकार करने करंट फैलाने वाला गिरफ्तार

**लोरमी।** ग्राम बघर्रा वनक्षेत्र में दो किलोमीटर तक जीआई तार फैलाकर वन्य प्राणियों का शिकार करने के लिए फंदा लगाने वाले आरोपी को वन विभाग ने गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेश पर जेल भेजा दिया। जानकारी के मुताबिक 12 अक्टूबर को रात 8.30 बजे वन मंडल अधिकारी अभिनव कुमार के निर्देशानुसार वन परिक्षेत्र खुड़िया की टीम कक्ष के 1524 पीएफ में गस्त कर रही थी। इसी दौरान टीम ने पाया कि, ग्राम बघर्रा निवासी गेन्दराम यादव पिता राम कुमार ने वनक्षेत्र में अवैध रूप से 11 केवी विद्युत कनेक्शन स्थापित किया था। आरोपी ने वन्य जीवों का शिकार करने के उद्देश्य के वन क्षेत्र की ओर लगभग 2 किमी तक जीआई तार फैलाया था। टीम ने मौके से परिसर के दो गवाहों के समक्ष तार को जब्त कर आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपी गेन्दराम यादव ने अपराध स्वीकार कर लिया। आरोपी के खिलाफ वन्य प्राणी संरक्षन अधिनियम 1972 की धारा 2, 9, 51, 52 के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय के आदेश पर जेल दाखिल किया गया।

## निधन

### ननकईया श्रीवास



**बिलासपुर।** मन्नू चौक टिकरापारा निवासी ननकईया श्रीवास का सोमवार 13 अक्टूबर को निधन हो गया। वे 88 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार दयालबंद मधुबन मुक्तिधाम में किया गया। वे राजाराम श्रीवास की पत्नी, पप्पू की माता और करन की दादी थीं।

### बिंदेश्वरी प्रसाद सिंह



**बिलासपुर।** राजकिशोर नगर बिलासपुर निवासी बिंदेश्वरी प्रसाद सिंह का सोमवार 13 अक्टूबर को निधन हो गया। वे 87 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार तोरवा मुक्ति धाम में किया गया। अरुण सिंह, अरविंद सिंह, अंजु सिंह व अभय सिंह के पिता थे।

### दयाराम वलम जी चौहान



**बिलासपुर।** सीपत रोड सरकंडा निवासी दयाराम वलम जी चौहान का 13 अक्टूबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे दीपक चौहान, दीपिका, सीमा के पिता एवं वन्या, नमन चौहान के दादा थे।

### थानुराम साहू



**मोपका।** समीपस्थ ग्राम उच्चभट्ठी निवासी समाजिक कार्यकर्ता थानूराम साहू का 65 वर्ष की आयु में सोमवार को निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार मंगलवार को इनके गृहग्राम में किया जाएगा। ये गोपाल साहू के पिता व डॉ नारायण साहू के चाचा थे।

## बिना पानी की उपलब्धता जांचे टंकी निर्माण व पाइप लाइन विस्तार

# कुरेली में जल जीवन मिशन के कार्य में अनियमितता

हरिभूमि न्यूज ⏭ सकरी

केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'जल जीवन मिशन योजना' अनियमितता का अखाड़ा बनती नजर आ रही है। यूं तो इस योजना से जुड़े कार्य में आर्थिक गड़बड़ी किसी से छुपी नहीं है, लेकिन इसकी एक झलक ग्राम पंचायत कुरेली भी देखने को मिली, जहां बिना पानी की उपलब्धता के ही लाखों रूपए खर्च कर पानी टंकी बनाकर पाइप लाइन बिछा दी गई। जिसके बाद एक नहीं चार-चार बोर का खनन किया गया, लेकिन किसी में भी पानी ही नहीं निकला।

- शासकीय पैसे का पीएचई अधिकारी कर रहे बंदरबाट

लोगों के घरों तक पानी तो नहीं पहुंचा, उल्टा चलने के लिए बनाई गई सड़क पाइप लाइन बिछाने के कारण जर्जर हो गई। अब स्थिति ऐसी है कि, इस रास्ते पर लोगों का चलना दूभर हो गया है। अधिकारी का कहना है कि, 2024 तक कार्य करने की समय-सीमा तय थी, जिसके कारण जल्दी से कार्य कराया गया। जल्द ही लोगों के लिए पानी उपलब्ध कराया जाएगा एवं सड़कों की मरम्मत कराई जाएगी। तखतपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत कुरेली में केन्द्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना 'नल जल योजना' का कार्य विगत दो वर्ष पूर्व शुरू किया गया तो लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों ने ना यहां पानी की उपलब्धता जांची और न ही इसके लिए कोई प्रयास किया। अधिकारियों ने सीधे स्कूल के पास पहले पानी टंकी बना दी, और उसके बाद पाइप लइन भी बिछा दी। इसके बाद विभाग ने यहां बोर भी कराया, लेकिन बोर से पानी नहीं निकला। अधिकारियों ने अपनी कारगुजारियां छुपाने के लिए



चार बोर कराए, लेकिन किसी में भी पानी नहीं निकला। अधिकारी एक बोर से पानी निकलने का दावा करते हुए उक्त पानी को खराब बता रहे हैं, वहीं ग्रामीणों का कहना है कि, चारो बोर फेल हैं एवं किसी भी बोर से पानी नहीं निकला है। ऐसे में पीएचई विभाग के अधिकारियों की कार्यप्रणाली संदेह के दायरे में है कि, बिना पानी की उपलब्धता सुनिश्चित किए सिर्फ योजना की राशि खर्च करने के लिए टंकी, पाइप लाइन बिछा दी गई और सड़क को भी खराब कर दी गई। पुनर्स्थापन के नियमों का पालन भी नहीं करा पा रहा विभाग- अपने घर तक पेयजल पहुंचने की आस में ग्रामीणों ने अपने गांव की सड़क की भी आहुति दे दी, लेकिन उन्हें पानी तो नसीब नहीं हुआ। पाइप लाइन के लिए ठेकेदार ने बेतरतीब तरीके से पूरे गांव की सड़क को बीचों-बीच खोद दिया, लेकिन सड़क की मरम्मत नहीं की गई। जबकि स्पष्ट रूप से योजना में पुनर्स्थापन शुल्क का प्रावधान है, जिससे तोड़े गए निर्माण को सुधारा जा सके। पीएचई के अधिकारी इस नियम को भी लागू नहीं करा पा रहे हैं, इससे स्थानीय ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। विज्ञान को चुनौती दे रहे पीएचई अधिकारी- जल जीवन मिशन योजना में सबसे पहले पानी की सुनिश्चितता एवं गुणवत्ता के लिए व्यापक स्तर पर सर्वे किया जाता है, और एक बड़ा जलस्रोत ढूंढकर उसके पानी की गुणवत्ता जांची जाती है। इसके बाद फिर निर्माण कार्य शुरू किया जाता है, लेकिन यहां के मामले में अधिकारी विज्ञान को चुनौती दे रहे हैं। उल्टी गंगा बहाते हुए पहले टंकी बना रहे हैं, बाद में टेस्टिंग कर रहे हैं। अधिकारी के मुताबिक यहां एक बोर में पानी निकला है, लेकिन वो पानी खराब है। अगर विभाग पहले पानी की उपलब्धता और उसके गुणवत्ता की जांच कर लेता और परिणाम तय मानकों के अनुसार नहीं निकलता तो शासन का पैसा बच जाता और गांव की सड़क भी बदहाल नहीं होती।

### जल्द पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा

जल जीवन मिशन के कार्य की मियाद 2024 तक थी और मिशन मोड का कार्य था, जिसके कारण जल्दबाजी में कार्य कराया गया। एक बोर से पानी निकला, लेकिन वो पानी खराब है। अब इस योजना की मियाद 2027 तक बढ़ा दी गई है। अब इसमें सुधार कर ग्रामीणों को पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा और जर्जर सड़कों की मरम्मत कराई जाएगी।

**- एके भार्गव**, एसडीओ पीएचई विभाग तखतपुर

## युवा भक्तिकालीन हिंदी साहित्य से प्रेरणा लेकर बनें सफल : डॉ. महंत



**बिलासपुर।** राधाकृष्ण शिक्षण समिति द्वारा संचालित पं. जवाहर लाल नेहरू महाविद्यालय नवागढ़ जिला जांजगीर चांपा में अतिथि व्याख्यान हिंदी साहित्य और भक्ति काल के कवि विषय पर रखा गया था। संस्था के प्राचार्य डॉ विनोद अग्रवाल ने भक्तिकालीन साहित्य में सूर साहित्य के प्रभाव को रेखांकित किया। मुख्य वक्ता नवीन शासकीय महाविद्यालय सकरी के प्रो. डॉ फूलदास महंत ने साहित्य के उद्देश्य को जनोपयोगी बताया। उन्होंने बताया कि भक्तिकाल में जिन कवियों,कबीर, जायसी, सूर और तुलसी की गणना की जाती है, उनमें द्वैत, अद्वैत, विशिष्टद्वैत तथा शुद्ध अद्वैत का महत्व जीव मात्र के कल्याण के लिए हुआ है। उन्होंने बताया कि भारत में जिस समय भक्तिकाल का अभ्युदय हुआ, उस समय मुस्लिम संप्रदाय आगे बढ़ रहे थे। अशिक्षित जनता भक्ति के माध्यम से जीवन में शांति की तलाश में थे। उसी समय जैन, बौद्ध, ईसाई और इधर निर्गुण, सगुण, राम मार्गी, कृष्ण मार्गी, भक्ति गुरुओं,कवियों द्वारा जोरों पर था। समाज कल्याण,संस्कृति की रक्षा,सत असत का ज्ञान कराया जा रहा था। आज भी युवा छात्र छात्राओं को भक्तिकालीन साहित्य से प्रेरणा लेकर कर्म क्षेत्र को सफल बनाना चाहिए क्योंकि आज मल्टीमीडिया और तनाव ग्रस्त जीवन में हम देख रहे हैं कि युवा वर्ग भी दिशाविहीन होकर सही निर्णय लेने में देरी कर रहा है। ऐसे में कर्म क्षेत्र को सफल बनाने में भक्ति से शक्ति और विवेक दोनों सही मार्ग की ओर विद्यार्थियों को प्रशस्थ करेंगे। कार्यक्रम संचालन रंजिता साहू ने, स्वागत लक्ष्मीन अगम मानिकपुरी ने किया। स्वागत यशोदा ने तथा आभार कमल ने किया। कार्यक्रम संयोजन लक्ष्मीन बाई मानिकपुरी ने किया।

## जुए के 9 प्रकरणों में पकड़ाए 41 जुआरी, 23 हजार नकद जब्त

**मुंगेली।** ताश के पत्तों पर जीत-हार का दांव लगाते हुए 41 जुआरियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से नकद 23 हजार 310 रूपए जब्त कर कर छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3(2) के तहत कार्रवाई की गई। एसपी भोजराम पटेल के नेतृत्व में असमाजिक तत्व, नशे एवं जुए-सट्टे के विरूद्ध ऑपरेशन बाज चलाकर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में थाना सिटी कोतवाली, लालपुर, जरहागांव एवं सायबर सेल की संयुक्त टीम ने अलग-अलग क्षेत्र से कुल कुल 9 प्रकरणों में 41 जुआरियों पकड़ लिया। जुआरियों के कब्जे से 23 हजार 310 रूपए बरामद कर आरोपियों के विरुद्ध के विरूद्ध जुआ एक्ट की कार्रवाई की गई। थाना सिटी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भटगांव में 5 जुआरियों के कब्जे से 8 हजार



260 रूपए नकद व 52 पत्ती ताश जप्त की गई। इसी तरह ग्राम कुआंगांव गौठान व पानी टंकी के पास जुआरियों से 4 हजार 870 रूपए व 52 पत्ती ताश, ग्राम बिरगहनी सोसायटी के पास 1 हजार 370 रूपए नकद, ग्राम मनोहरपुर के पास जुआ खेल रहे जुआरियों से नकद 5 हजार, ग्राम सुरजपुरा में 3 प्रकरण में जुआरियों के कब्जे से 3 जार 810 नकद जप्त किया गया।

## 50 पाव देशी मदिरा सहित आरोपी गिरफ्तार



**मुंगेली।** कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देश पर जिले में शराब के अवैध बिक्री रोकने के लिए सख्त कार्रवाई की जा रही है। जिला आबकारी अधिकारी रविशंकर साय ने बताया कि, मुखबीर से प्राप्त सूचना के आधार पर मुंगेली के ग्राम हरिहरपुर के राजेश्वर मंगेश्कर के घर में दबिश देकर 50 पाव देशी मदिरा प्लेन मदिरा बरामद की गई। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)क, 34 (2),59 क के तहत प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया गया।

## स्ट्रीट लाइट लगाने पार्षदों ने सीएमओ को दिया आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

नगर पालिका के वार्डों में लाइट लगाने की मांग को लेकर भाजपा पार्षदों ने सीएमओ को आवेदन दिया है। इन दिनों नगर पालिका क्षेत्र के कई वार्ड की गलियों में लाइट नहीं जल रही है, जिससे स्थानीय निवासी परेशान हैं।

वार्ड 12 के पार्षद अंकित अग्रवाल ने कहा कि, बार-बार पार्षदों ने इस समस्या के निराकरण के लिए सीएमओ का ध्यान आकृष्ट कराया, लेकिन इसका कोई हल नहीं निकला। वार्ड में गलियों के अंधेरा होने से वार्डवासियों को भारी परेशानी हो रही है। एक तरफ बरसात का मौसम और दूसरी तरफ गलियों में जहरीले जीव जंतुओं के



खतरे से लोगों में भय व्याप्त है। सबसे ज्यादा डर छोटे बच्चों का है, जो गलियों में खेलते रहते हैं। इन सभी बातों को देखते हुए नगरपालिका सीएमओ अमरेश सिंह से चर्चा की गई एवं सूचना दी गई, लेकिन टाल-मटोल किया जा रहा है। अंत में थक-हार कर पार्षद कैलाश देवांगन, कोमल सिंह ठाकुर, प्रियंका आहुजा, इस्लाम अंसारी, अंकित अग्रवाल, अंजू देवांगन ने चेतावनी दी है कि, यदि तीन दिन के अंदर लाइट की व्यवस्था नहीं सुधरती है, तो सीएमओ एवं अध्यक्ष निवास का घेराव किया जाएगा।

## कांग्रेसियों ने रतनपुर में चलाया हस्ताक्षर अभियान

**रतनपुर।** कोटा विधानसभा के रतनपुर में सोमवार को 'वोट चोर गद्दी छोड़' हस्ताक्षर अभियान चलाया गया, जिसमें प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सह प्रभारी विजय जांगिड़ मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

- सह प्रभारी जांगिड़, विधायक अटल रहे मौजूद

कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने अपने समर्थकों के साथ मिलकर सबसे पहले उनका महामाया चौक पर स्वागत किया एवं मां महामाया मंदिर का दर्शन किया। इसके उपरांत महामाया चौक से ही डोर टू डोर हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत की गई, जिसमें प्रदेश सह प्रभारी एवं कोटा विधायक स्थानीय कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के साथ व्यापारिक प्रतिष्ठानों व लोगों के घरों में जाकर के लोगों को राहुल गांधी के इस अभियान के बारे में बताया गया। साथ ही प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा निर्धारित प्रपत्र में आम लोगों का हस्ताक्षर करवाया गया। अभियान में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के समन्वयक शीतल जायसवाल ने बताया कि, पिछले कई दिनों से यह अभियान लगातार चलाया जा रहा है, जिसमें लगभग 2 हजार से ज्यादा लोगों के फार्म अब तक भरे जा चुके हैं।




इस हस्ताक्षर अभियान में बड़ी संख्या में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी रतनपुर के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिसमें सुभाष अग्रवाल, मदन कहरा, पुष्पकांत कश्यप, सुनील अग्रवाल, साथिया दुबे, संतोष सोनी, रामफल श्रीवास, रियाज खोखर, अभिषेक मिश्रा, अविनाश, आशीष, प्रियांशु, आशा सूर्यवंशी, सुशीला मानिकपुरी, रॉकी अनुरागी, संजय कोशले, कृष्णा, रामनिहोरा, संजू, आदि की उपस्थिति रही।

## वोट चोरी लोकतंत्र की हत्या, जनता कभी माफ नहीं करेगी: जांगिड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ मल्हार

मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया के नेतृत्व में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मस्तूरी की ओर से 'वोट चोर गद्दी छोड़' हस्ताक्षर अभियान मल्हार में चलाया गया।

यह अभियान छत्तीसगढ़ कांग्रेस के सह प्रभारी विजय जांगिड़ के अध्यक्षता में संपन्न हुआ। मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया ने कहा कि, जनता का वोट चोरी करके केंद्र में सरकार बनी है, यह जनता की सरकार नहीं हो सकती। लोकतंत्र को कुचलने का काम किया गया है, अब जनता माफ नहीं करने वाली। छत्तीसगढ़ सह प्रभारी विजय जांगिड़ ने कहा कि, वोट चोरी लोकतंत्र की हत्या है, इसे जनता कभी माफ नहीं करेगी। केंद्र में मोदी की सरकार छल और षड्यंत्र के नींव पर खड़ी है। आने वाले समय में जनता केंद्र सरकार को मुंह तोड़ जवाब देने का काम करेगी। यह हस्ताक्षर अभियान भ्रष्ट सत्ता के खिलाफ जन क्रांति की शुरुआत है। हम सब जननायक राहुल गांधी के नेतृत्व में जनता का अधिकार के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं। इस अवसर पर मस्तूरी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के सभी पदाधिकारी, कार्यकर्त्ता व मल्हार नगर पंचायत के पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष अमित पांडेय व ब्लॉक मीडिया प्रभारी गणेशदत्त राजू तिवारी ने किया।

- लोकतंत्र को कुचलने का काम किया गया है : लहरिया






पगड़ी रस्म एवं बारहवां



स्व. श्री नंदकिशोर बुधिया

अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि

श्री नंदकिशोर बुधिया

का देहावसान दिनांक 02 अक्टूबर 2025 दिन-गुरूवार को हो गया है।

पगड़ी रस्म एवं बारहवां

दिनांक - 14 अक्टूबर 2025 मंगलवार
समय - शाम-4 बजे
स्थान - निज-निवास
विवेकानंद कंपनी गार्डन के सामने, बिलासपुर

शोकाकुल

भाई
सत्यनारायण बुधिया
किशन बुधिया
श्रीकांत बुधिया

पुत्र
विमल बुधिया
संजय बुधिया

सिद्धार्थ, आकाश, अपूर्व (पौत्र), अव्यान (प्रपौत्र)
एवं समस्त बुधिया परिवार

फर्म : अंतुलाल एण्ड संस, अंतुलाल डिस्ट्रीब्यूटर

J.J.Ad